कोटद्वार, गुरूवार
12 मार्च 2026
वर्षः 48
अंकः 283 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

एक नजर

हल्द्वानी में भी रैली की तैयारी, राजनाथ सिंह के आने की उम्मीद

हल्द्वानी। प्रदेश में धामी सरकार के चार साल का कार्यकाल पूरा होने पर हरिद्वार की तरह कुमाऊं के हल्द्वानी में विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा। जिसमें केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पहुंचने की उम्मीद है। रैली की तैयारी को लेकर भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने बुधवार को कुमाऊं संभाग कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की। अजेय कुमार ने बताया कि रैली 21 या 22 अप्रैल को हल्द्वानी में की जाएगी। इसकी तैयारी को लेकर उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। अजेय कुमार ने कहा कि रैली के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बैठक में कार्यकर्ताओं को प्रस्तावित एसआईआर को सफल बनाने के लिए सक्रियता से कार्य करने का आह्वान किया। कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं का प्रयास होना चाहिए कि हर व्यक्ति का नई वोटर लिस्ट में नाम शामिल हो। इसके लिए 2003 की वोटर लिस्ट से मैपिंग किए जाने में लोगों को सहयोग करें। बैठक में आगामी संगठनात्मक अभियानों को लेकर भी चर्चा की गई। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इन कार्यक्रमों को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा बलबीर धुनियाल, प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा महेंद्र सिंह नेगी, पिथौरागढ़ जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी, जिला महामंत्री रंजन सिंह बर्गली, विनीत अग्रवाल, नितिन राणा समेत कई दर्जाधारी व पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

हरिद्वार। हरिद्वार और मोतीचूर रेलवे स्टेशन के बीच बुधवार सुबह अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सूचना मिलने पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजा गया। पुलिस मृतक की पहचान कराने के प्रयास में जुटी है। पुलिस के मुताबिक सुबह रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति के गंभीर रूप से घायल पड़े होने की सूचना मिली। सूचना पर जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक बिपिन चंद्र पाठक पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच में सामने आया कि उत्कल एक्सप्रेस के गुजरने के दौरान व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अनुमान है कि व्यक्ति रेलवे लाइन पार करने के दौरान हादसे का शिकार हुआ होगा। मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष बताई जा रही है, लेकिन अब तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है।

रिलायंस जियो–बीपी पेट्रोल पंप से 9 लाख लेकर मैनेजर फरार

रुड़की। लिब्बरहेड़ी में रिलायंस जियो–बीपी के रिटेल आउटलेट जीसीए पेट्रोल पंप के मैनेजर पर कैश लॉकर से नौ लाख रुपये लेकर फरार होने का आरोप लगा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पंप के केयर टेकर महक सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि आरोपी अनिल कुमार एक जून 2025 से पंप पर मैनेजर के पद पर तैनात था। अनिल कुमार ने मंगलवार, 10 मार्च को बैंक में जमा करने के बहाने लॉकर से 9,21,106 रुपये निकाले। उसने कर्मचारियों को बताया कि वह यह रकम स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मंगलौर शाखा में जमा कराने जा रहा है। जब काफी देर तक अनिल वापस नहीं लौटा, तो पंप के अकाउंटेंट मनीष शर्मा और कर्मचारी रंजन कुमार ने बैंक जाकर पूछताछ की।

सांसद सैलजा ने सिरसा–फतेहाबाद में आईआईटी खोलने की मांग संसद में उठाई

सिरसा ,सांसद कुमारी सैलजा ने लोकसभा में सिरसा और फतेहाबाद जैसे शैक्षणिक रूप से पिछड़े जिलों में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) स्थापित करने की मांग जोरदार ढंग से उठाई। लोकसभा में पूछे गए अपने प्रश्न में सांसद कुमारी सैलजा ने केंद्र सरकार से पूछा कि क्या देश में नए आईआईटी स्थापित करने का प्रस्ताव है और क्या सिरसा, फतेहाबाद, हिसार और जींद जैसे शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़े जिलों में ऐसे संस्थानों की स्थापना को प्राथमिकता दी जाएगी।

रफ्तार ने ली बी फार्मा के दो छात्रों की जान

देहरादून। दून में एक बार फिर तेज रफ्तार ने दो छात्रों की जान ले ली। मंगलवार देर रात धोरणपुल के पास एक अनियंत्रित बाइक विपरीत दिशा में जाकर पेड़ से जा टकराई। सड़क हादसे में डीआईटी के बी फार्मा प्रथम वर्ष के दो छात्रों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में एक बिहार और दूसरा मूल रूप से नागालैंड का रहने वाला था। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने दोनों शव परिजनों को सौंप दिए हैं। घटना के बाद से साथी छात्रों में शोक की लहर है। इंस्पेक्टर राजपुर प्रदीप रावत ने बताया कि घटना मंगलवार रात करीब 12 बजे की है। देव कुमार पांडे (22 वर्ष) पुत्र राधे कुमार पांडे मूल निवासी कुमार, थाना सिकंदरा, जिला जमुई पटना (बिहार) बुलेट से अपने साथी रोनित विश्वास (19 वर्ष) पुत्र रतन विश्वास, मूल निवासी दीमापुर (नागालैंड) के साथ धोरणपुल की तरफ से आईटी पार्क की ओर जा रहे थे। आईटी पार्क चौक से ठीक पहले, आदर्श एंक्लेव गेट के पास हल्के मोड़ पर बाइक अचानक बेकाबू हो गई। रफ्तार इतनी तेज थी कि बाइक सीधे विपरीत दिशा में जाकर एक पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों छात्र बुरी तरह घायल हो गए। बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई। आसपास के लोगों की सूचना पर तुरंत एंबुलेंस बुलाई गई। दोनों को उपचार के लिए मसूरी रोड स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने बाइक चालक देव कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं, पीछे बैठे रोनित विश्वास के सिर और पैरों में गंभीर चोटें आई थीं। डॉक्टरों ने उसे बचाने का काफी प्रयास किया। बुधवार करीब चार बजे इलाज के दौरान रोनित ने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले की सूचना मृतकों के परिजनों को दे दी है। दोनों मूसरी रोड स्थित डीआईटी यूनिवर्सिटी में बी फार्मा प्रथम वर्ष के छात्र थे। हादसे की सूचना पर दोनों साथी छात्र पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। इस दौरान वह भी गमगीन नजर आए।

शीतकाल के बाद बदरीनाथ मास्टर प्लान का काम फिर शुरू

चमोली। शीतकाल में तीन माह से बंद पड़ा बदरीनाथ मास्टर प्लान का काम फिर से शुरू हो गया है। लोक निर्माण विभाग की कार्यदायी संस्था पीआईयू की 30 इंजीनियरों और 50 से अधिक मजदूरों की टीम बदरीनाथ धाम पहुंच गई है। इस वर्ष कार्यदायी संस्था के सम्मुख तीर्थ पुरोहित आवास और रीवर फ्रंट के कार्यों को पूरा करने की चुनौती रहेगी। फिलहाल टीम की ओर से जगह–जगह पर जमी बर्फ को हटाने का काम किया जा रहा है। बदरीनाथ मास्टर प्लान के तहत धाम में दूसरे चरण के कार्य चल रहे हैं। बदरीनाथ मंदिर परिसर के 75 मीटर हिस्से में अब सौंदर्यीकरण के काम किए जाने हैं। मगर क्षेत्र में किसी भी तरह से पौराणिक चीजों से छेड़छाड़ नहीं की जानी है। इसके लिए विशेषज्ञों की टीम की ओर से इस क्षेत्र का गहनता से सर्वे किया जाएगा। पीआईयू के अधिशासी अभियंता योगेश मनराल का कहना है कि बदरीनाथ मास्टर प्लान का काम फिर से शुरू कर दिया गया है। धाम में इंजीनियरों की टीम पहुंच गई है। 50 से अधिक मजदूर भी पहुंच गए हैं। तीर्थ पुरोहित आवास और रीवर फ्रंट के कार्यों को पूरा करने पर जोर दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने विकास योजनाओं के लिए दी 75.36 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 75.34 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री द्वारा राज्य में स्थित चारधाम एवं मुख्य पर्यटन स्थलों पर लगातार श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की संख्या में बढ़ोत्तरी के दृष्टिगत उनकी बेहतर सुरक्षा व्यवस्था हेतु संदिग्ध तत्वों एवं गतिविधियों पर निगरानी के लिए एआई बेस्ड फेसियल रिकुनाईजेशन सिस्टम एवं डाटा एनेलेटिक्स साफ्टवेयर सिस्टम विभिन्न 05 जनपदों में अधिष्ठापित किये जाने हेतु 4.45 करोड स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एस.सी.एस.पी. के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र पौड़ी के विकासखण्ड पाबौ में बेडा का जगड मोटर मार्ग के किमी. 1.00 से 5.00 तक सुदृढीकरण एवं डामरीकरण कार्य हेतु 3.58 करोड़, जनपद हरिद्वार के राजकीय उपजिला चिकित्सालय रुड़की में विद्युत रिवाईरिंग कार्य हेतु 3.93 करोड़ के साथ ही राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद देहरादून के विधानसम क्षेत्र मसूरी के अन्तर्गत न्यू कैंट मोटर मार्ग किमी. 1 चै. 0.375 से चै. 1.625 (सालावाला पुल से विजय कॉलोनी पुल) तक मार्ग को दो लेन से 10.50 मी. चौड़ाई में परिवर्तित (अपग्रेड) किये जाने (द्वितीय चरण) हेतु कुल धनराशि 16.87 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री द्वारा विधानसभा क्षेत्र चम्पावत के अन्तर्गत बूम से टनकपुर के शारदा नदी के दांये पार्श्व पर (तटबन्ध) बाढ़ सुरक्षा कार्य एवं शारदा नदी के दांये पार्श्व पर पर बूम व उचौलीगोठ में बाढ़ सुरक्षा कार्य हेतु 15.69 करोड़ की योजना स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा नगर निगम, ऋषिकेश क्षेत्रान्तर्गत एकत्रित लीगेसी वेस्ट निस्तारण हेतु 6.79 करोड़ तथा नगर निगम, पिथौरागढ़ में देवभूमि रजत जयन्ती पार्क के निर्माण हेतु 9.81 करोड की योजना स्वीकृत किये जाने के साथ ही टनकपुर में मीडिया सेंटर एवं गेस्ट हाउस तथा टनकपुर में कम्यूनिटी हॉल निर्माण किये जाने हेतु 14.24 करोड स्वीकृत करते हुए प्रथम किश्त के रूप में 1.00 करोड़ अवमुक्त किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

खाई से महिला का शव मिलने से सनसनी

प्लास्टिक में लिपटी मिली तीन–चार दिन पुरानी लाश

देहरादून। बाला सुंदरी प्राचीन मंदिर के पास खाई में एक महिला का तीन–चार दिन पुराना शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव प्लास्टिक की पन्नी में बंद मिला है और आशंका जताई जा रही है कि लाश होली से पहले की हो सकती है। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह यहां बाला सुंदरी मंदिर के पास के इलाके में बहुत तेज बदबू आ रही थी। जब लोगों ने आसपास खोजबीन की तो खाई में प्लास्टिक की पन्नी में लिपटा महिला का शव दिखाई दिया।

इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी सहित पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस के मुताबिक शव काफी पुराना होने के कारण महिला के चेहरे को कीड़ों ने बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है, जिससे पहचान करना मुश्किल हो रहा है। पुलिस शव की शिनाख्त कराने की कोशिश कर रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। साथ ही आसपास के क्षेत्रों में लापता महिलाओं की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और हत्या की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा रहा है।

हत्या में साजिश के आरोपियों पर गैंगस्टर लगाने की तैयारी

देहरादून। गैस एजेंसी संचालक अर्जुन शर्मा की हत्या के मामले में पुलिस सख्त कार्रवाई की तैयारी में है। वारदात की साजिश रचने वाले आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। 11 फरवरी को तिब्बती मार्केट के बाहर दो हमलावरों ने गैस कारोबारी अर्जुन शर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। गैस कारोबारी अर्जुन शर्मा हत्याकांड की जांच के दौरान सामने आया था कि यह एक सोची–समझी साजिश के तहत कराई गई वारदात है। अर्जुन शर्मा की मां बीना शर्मा, उनके साथी विनोद उनियाल और डॉ. अजय खन्ना पर हत्या करवाने का आरोप लगा है। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि हत्या की साजिश में शामिल आरोपियों के खिलाफ पहले से दर्ज मामलों और साक्ष्यों के आधार पर अब गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए पुलिस आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर रही है। पुलिस के अनुसार, वारदात की साजिश करीब 25 दिन पहले से रची जा रही थी। मां बीना शर्मा और उसके साथी विनोद उनियाल तथा डॉ. अजय खन्ना ने मिलकर जनवरी में ही अर्जुन की हत्या की योजना तैयार कर ली थी। इसके बाद भाड़े के शूटरों की तलाश शुरू हुई जो विनोद उनियाल के ड्राइवर पंकज पर आकर रुकी।

116 करोड़ के बैंक घोटाले पर राज्यपाल सख्त

चंडीगढ़ ,चंडीगढ़ के प्रशासक और पंजाब के राज्यपाल ने आईडीएफसी बैंक से जुड़े 116 करोड़ रुपये के कथित वित्तीय घोटाले पर अपना कड़ा रुख स्पष्ट कर दिया है। राज्यपाल ने दो टूक शब्दों में कहा है कि प्रशासन की मुस्तैदी से रकम तो वापस मिल गई है, लेकिन यह किसी भी दोषी के लिए 'क्लीन चिट' नहीं है। राजभवन में मीडिया से बात करते हुए राज्यपाल ने स्पष्ट किया कि प्रशासन ने पूरे रिकॉर्ड की गहन जांच कर ली है। उन्होंने कहाः अगर सरकारी खजाने से पैसा बाहर गया है, तो निश्चित रूप से किसी न किसी स्तर पर बड़ी चूक या मिलीभगत हुई है। केवल पैसे वापस आ जाना किसी को सजा से बचाने का आधार नहीं बन सकता।

राज्यपाल ने जानकारी दी कि इस पूरे मामले में लापरवाही और धोखाधड़ी की जिम्मेदारी तय करने के लिए स्न्ढ्ढक्र दर्ज करवाई जा चुकी है। उन्होंने प्रशासन के इस कदम को भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति बताया।

दोषियों को नहीं बख्शा जाएगा

राज्यपाल ने जनता को भरोसा दिलाया कि इस मामले की तह तक जाकर यह पता लगाया जा रहा है कि आखिर इतनी बड़ी रकम बैंक से बाहर कैसे गई।

राज्य में घरेलू गैस की पर्याप्त उपलब्धता, उपभोक्ता अफवाहों पर ध्यान न दें

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : आयुक्त, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, उत्तराखंड की ओर से जानकारी दी गई है कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों तथा मध्य पूर्व एशिया में जारी संघर्ष को देखते हुए राज्य में गैस आपूर्ति की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। इस संबंध में खाद्य विभाग और ऑयल कंपनियों के साथ राज्य स्तर पर नियमित समीक्षा की जा रही है। आयुक्त खाद्य, नागरिक आपूर्ति ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में घरेलू गैस की किसी प्रकार की कमी नहीं है, इसलिए उपभोक्ताओं को घरेलू गैस की उपलब्धता को लेकर किसी भी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा मध्य पूर्व एशिया में जारी संघर्ष की स्थिति को ध्यान में रखते हुए आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत ह्लप्राकृतिक गैस आपूर्ति विनियमन आदेश, 2026ह्व प्रख्यापित किया गया है, जिसके तहत गैस आपूर्ति व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। भारत सरकार द्वारा स्पष्ट किया गया है कि एलपीजी, पीएनजी एवं सीएनजी की आपूर्ति में किसी प्रकार की कमी नहीं की गई है। इसके साथ ही अस्पतालों और शैक्षिक संस्थानों में उपयोग होने वाली कमर्शियल गैस की आपूर्ति भी पूर्ववत जारी है तथा इसमें कोई कटौती नहीं की गई है। आयुक्त खाद्य, नागरिक आपूर्ति ने कहा कि यदि किसी भी स्थान पर एलपीजी, पीएनजी एवं सीएनजी की जमाखोरी अथवा कालाबाजारी की शिकायत या पुष्टि होती है, तो संबंधित के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और गैस की उपलब्धता को लेकर निश्चिंत रहें, क्योंकि राज्य में गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है।

सुप्रीम कोर्ट ने हरीश राणा को दी इच्छा मृत्यु की इजाजत

देश का पहला ऐसा मामलाः 13 साल से कोमा में पड़े



नई दिल्ली ,सुप्रीम कोर्ट ने गाजियाबाद के निवासी हरीश राणा को पैसिव यूथेनेसिया (इच्छा मृत्यु) की अनुमति दे दी है। करीब 13 साल से अचेत अवस्था में बिस्तर पर पड़े हरीश को लेकर दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने निर्देश दिया कि उन्हें एम्स के पैलिएटिव केयर विभाग में भर्ती कराया जाए, जहां चिकित्सा प्रक्रिया के तहत जीवनरक्षक उपचार वापस लिया जाएगा।

अदालत ने कहा कि पूरी प्रक्रिया गरिमा और सम्मान के साथ पूरी की जानी चाहिए। पिछली सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने हरीश के परिजनों से भी बातचीत की थी। 100 प्रतिशत दिव्यांगता से जूझ रहे बेटे के ठीक होने की उम्मीद खत्म होने के बाद उसके माता–पिता ने ही इच्छा मृत्यु की अनुमति देने की मांग की थी। एम्स की मेडिकल रिपोर्ट में भी कहा गया है कि हरीश के ठीक होने की संभावना नहीं है।

सुनवाई के दौरान जस्टिस पारदीवाला ने कहा था, यह बेहद दुखद रिपोर्ट है। यह हमारे लिए भी एक कठिन फैसला है, लेकिन हम इस युवक को अनंत पीड़ा में नहीं रख सकते। अब वह समय आ गया है जब हमें अंतिम निर्णय लेना होगा।

हरीश राणा वर्ष 2013 में चंडीगढ़ में पढ़ाई के दौरान अपने हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिर गए थे, जिससे उनके सिर में गंभीर चोटें आई थीं। तब से वह लगातार अचेत अवस्था में बिस्तर पर हैं। लंबे समय तक बिस्तर पर रहने के कारण उनके शरीर पर कई घाव भी हो गए हैं।

अमेरिका ने तबाह किए ईरान के 16 माइन बिछाने वाले जहाज, ट्रंप ने चेतावनी भी दी

तेहरान/वॉशिंगटन , पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने ईरान के खिलाफ समुद्र में बड़ी सैन्य कार्रवाई का दावा किया है। अमेरिकी सेना के मुताबिक हॉर्मुज जलडमरूमध्य के पास ईरान की कई नौकाओं को निशाना बनाकर नष्ट कर दिया गया। इन नौकाओं का इस्तेमाल समुद्र में बारूदी सुरंगें (नेवल माइन) बिछाने के लिए किया जा सकता था। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि 10 मार्च को अमेरिकी बलों ने ईरान की कई नौसैनिक नौकाओं पर हमला किया। इन नौकाओं में कथित तौर पर 16 ऐसी नावें शामिल थीं, जिनका उपयोग समुद्री माइन बिछाने में किया जा सकता था। कमांड ने इस सैन्य कार्रवाई का एक वीडियो भी साझा किया है, जिसमें समुद्र में किए गए हमलों के दृश्य दिखाई देते हैं।

व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण

पश्चिम एशिया तनाव के बीच भारत की सख्त टिप्पणी

नई दिल्ली ,पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव के बीच गुजरात के कांडला बंदरगाह की ओर जा रहे एक जहाज पर हमला हुआ है।

भारत सरकार ने इस घटना की कड़ी निंदा की है और कहा है कि किसी भी हालत में व्यापारिक जहाजों और आम नागरिकों की जान को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने बुधवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के दौरान व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाया जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि पहले भी ऐसे हमलों में भारतीय नागरिकों समेत कई लोगों की जान जा चुकी है और अब इन हमलों की गंभीरता और बढ़ती दिखाई दे रही है।

थाईलैंड के झंडे वाला मालवाहक जहाज पर हमला

जिस जहाज पर हमला हुआ उसका नाम मयूरी नरे है। यह एक थाईलैंड के झंडे वाला मालवाहक जहाज है जो गुजरात के कांडला पोर्ट की ओर जा रहा था। जहाज संयुक्त अरब अमीरात के खलीफा पोर्ट से रवाना हुआ था और जब वह होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहा था, तभी उस पर दो अज्ञात प्रोजेक्टाइल (मिसाइल जैसे हथियार) से हमला हुआ। हमले के बाद जहाज के इंजन रूम में आग लग गई और भारी नुकसान हुआ।

हमले के बाद जहाज के तीन क्रूसदस्य लापता

जहाज की संचालन कंपनी प्रेशियस शिपिंग के अनुसार, इस घटना में तीन क्रू सदस्य लापता हैं और आशंका है कि वे इंजन रूम में फंस गए होंगे। वहीं 20 अन्य क्रू सदस्यों को समुद्र से सुरक्षित बचा लिया गया है, क्योंकि उन्हें जहाज छोड़कर पानी में कूदना पड़ा।

मध्य पूर्व युद्ध का असर : देश में एलपीजी की किल्लत, सिलेंडर बुकिंग ठप

लोग इलेक्ट्रिक किचन उपकरणों की ओर मुड़े

नई दिल्ली , मध्य पूर्व क्षेत्र में जारी युद्ध और गैस सप्लाई में बाधा के बाद देश में एलपीजी गैस के साथ–साथ पेट्रोल–डीजल की उपलब्धता को लेकर परेशानियां बढ़ने लगी हैं।

कई शहरों में इसका असर दिखाई देने लगा है। दिल्ली में गैस सिलेंडर की बुकिंग नहीं हो पा रही है, जबकि मुंबई में भी लोगों को सिलेंडर मिलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मुंबई में एलपीजी सिलेंडर की कीमतें बढ़ने और आपूर्ति प्रभावित होने के बाद लोग खाना बनाने के लिए बिजली से चलने वाले उपकरणों की ओर तेजी से रुख कर रहे हैं। बाजार में इलेक्ट्रिक कुकर, माइक्रोवेव ओवन, ओटीजी ओवन, टोस्टर, ग्रिल, इलेक्ट्रिक तवा, एयर फ्रायर, मल्टी कुकर, इलेक्ट्रिक स्टीमर और हॉट प्लेट जैसे किचन उपकरणों की मांग तेजी से बढ़ी है।

दरअसल, 7 मार्च को केंद्र सरकार ने घरेलू और व्यावसायिक गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी की थी। इसके बाद व्यावसायिक गैस सिलेंडर की आपूर्ति भी प्रभावित होने लगी। इसका असर आम उपभोक्ताओं पर पड़ा है और कई जगहों पर लोगों को सिलेंडर बुक कराने में भारी दिक्कतें आ रही हैं। महाराष्ट्र के अलावा उत्तर प्रदेश और बिहार में भी गैस एजेंसियों के बाहर लंबी–लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं।

दिल्ली में गैस बुकिंग भी ठप

राजधानी दिल्ली और एनसीआर के कई इलाकों में एलपीजी सिलेंडर नहीं मिलने से

लोगों की परेशानी बढ़ गई है। उपभोक्ता न तो गैस बुक कर पा रहे हैं और न ही उन्हें समय पर सिलेंडर मिल रहा है। गैस बुकिंग के लिए जारी टोल–फ्री नंबर भी ठीक से काम नहीं कर रहे हैं। उदाहरण के तौर पर 7718955555 नंबर पर कई बार कॉल नहीं लगती, कभी यह स्विच ऑफ बताता है तो कभी नॉट इन यूज का संदेश मिलता है। ऐसे में उपभोक्ताओं को गैस एजेंसियों के बाहर जाकर लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है।

मुंबई में लोग तलाश रहे विकल्प

मुंबई में कई जगहों पर ग्राहकों को समय पर एलपीजी सिलेंडर नहीं मिल रहा है। ऐसी स्थिति में लोग सतर्कता बरतते हुए खाना बनाने के लिए वैकल्पिक साधन अपनाने लगे हैं। बिजली से चलने वाले किचन उपकरणों की मांग लगातार बढ़ रही है। व्यापारियों का कहना है कि अगर अगले एक सप्ताह में स्थिति नहीं सुधरी तो देश में ईंधन संकट की आशंका बढ़ सकती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जारी तनाव के कारण ईंधन आपूर्ति को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है, जिससे आने वाले दिनों में इलेक्ट्रिक किचन उपकरणों की मांग और बढ़ सकती है।

होटल–रेस्टोरेंट पर भी असर

मुंबई में एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर और गैस एजेंसियां फिलहाल घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दे रही हैं। 6 मार्च से होटल और रेस्टोरेंट को मिलने वाली एलपीजी सप्लाई में भारी कटौती कर दी गई है, जो करीब 80 प्रतिशत तक कम हो चुकी है। एलपीजी की कमी का असर मुंबई के पुराने और मशहूर होटलों पर भी दिखाई देने लगा है। छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के पास फोर्ट इलाके में स्थित करीब 178 साल पुराना पंचम पुरीवाला होटल भी इस संकट से जूझ रहा है।

1848 में ब्रिटिश काल के दौरान शुरू हुए इस ऐतिहासिक होटल में सामान्य दिनों में 79 तरह के व्यंजन मिलते थे और यहां पांच तरह की पूरियां खास तौर पर परोसी जाती थीं। लेकिन एलपीजी की कमी के कारण फिलहाल होटल में केवल दो आइटम–पूरी–भाजी और आमरस–पूरी–ही उपलब्ध हैं। होटल प्रबंधन के अनुसार सीमित एलपीजी स्टॉक के कारण उन्हें परिचितों से सिलेंडर उधार लेकर किसी तरह काम चलाना पड़ रहा है।

रूत्ररु ने कहा–गैस की उपलब्धता सामान्य

हालांकि महानगर गैस लिमिटेड (रूत्ररु) ने कहा है कि फिलहाल गैस की उपलब्धता में कोई कमी नहीं है। कंपनी अपने परिचालन क्षेत्रों में कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (ष्टह्रत्र) और पाइप से मिलने वाली रसोई गैस (क्कहत्र) की आपूर्ति सामान्य रूप से बनाए हुए है। कंपनी ने यह भी कहा कि यदि खाड़ी क्षेत्र में जारी संघर्ष के कारण एलएनजी आयात प्रभावित होता है, तो औद्योगिक और वाणिज्यिक ग्राहकों के लिए गैस आपूर्ति में कुछ हद तक कटौती की जा सकती है। इस बीच कई शहरों में पेट्रोल पंपों पर भी भीड़ बढ़ने लगी है। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल समेत कई जगहों पर पेट्रोल भरवाने के लिए लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है।

सम्पादकीय

मुकदमे की कार्यवाही

हालिया न्यायिक निर्णयों ने इस धारणा की पुष्टि की है कि सरकारी एजेंसियों का राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण इस्तेमाल हुआ। जिन साक्ष्यों के आधार पर अभियोग दर्ज हुए, उनका सख्त न्यायिक परीक्षण हुआ, तो अधिकांश मामलों में वे टिक नहीं पाए। कथित शराब घोटाले में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और 23 अन्य अभियुक्तों के खिलाफ मामला खारिज करते हुए जज ने जो टिप्पणियां कीं, उन पर गौर करने के बाद शायद ही किसी के मन शक बचे कि ये पूरा मामला बदनीयती से गढ़ा गया था। उसके एक दिन पहले पंचकूला से जुड़े नेशनल हेराल्ड मामले में भी ऐसा ही बड़ा फैसला आया। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा को क्लीन चिट दे दी। मामला पंचकूला में संस्थागत प्लॉट के दोबारा आवंटन से जुड़ा था। कोर्ट ने कहा कि हरियाणा अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी ने 2006 में इस निर्णय को विधिवत मंजूरी दी थी, इसलिए मामले में अनियमितता के सारे इल्जाम बेबुनियाद हैं।

उसके पहले बीते दिसंबर में नेशनल हेराल्ड मामले में ही दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय की मनी लॉन्ड्रिंग चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया था। इन घटनाओं ने इस आम धारणा की पुष्टि की है कि नरेंद्र मोदी सरकार के दौर में सरकारी एजेंसियों का राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण इस्तेमाल हुआ है। एजेंसियों ने जिन कथित साक्ष्यों के आधार पर अभियोग दर्ज किए, उनका जब सख्त न्यायिक परीक्षण हुआ, तो अधिकांश मामलों में वे टिक नहीं पाए। इसलिए यह अनिवार्य हो गया है कि ऐसे सारे मामलों में मुकदमे की कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर चलाई जाए, ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके।

किसी भी व्यक्ति पर सालों साल मुकदमों का साया डाले रखना या अभियुक्तों को जेल में रखना (जैसाकि दिल्ली दंगों और भीमा कोरेगांव जैसे मामलों हुआ है) किसी रूप में उचित नहीं है। इससे भारत में प्रक्रिया ही दंड है— जैसी दुर्भाग्यपूर्ण धारणा लोगों के मन में गहराती चली गई है। सवीच्च न्यायपालिका ने जमानत जैसे बुनियादी तकाजे के बारे में भी तत्परता ना दिखाकर ऐसी धारणा को मजबूत किया है। नतीजतन, आपराधिक न्याय व्यवस्था के प्रति लोगों के मन में सवाल उठ रहे हैं। अत: सुप्रीम कोर्ट के लिए उचित होगा कि वह राजनीतिक प्रकृति के तमाम संदिग्ध मामलों में जल्द सुनवाई सुनिश्चित कराए।

एआई क्रांति की फसल काटने का बंदोबस्त

अजीत द्विवेदी

दिल्ली में हुआ इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 भारत में एआई क्रांति की मजबूत आधारशिला रखने वाले कार्यक्रम साबित होगा या वक्ती मीडिया हाइप के बाद इसका भी मामला नेपथ्य में चला जाएगा और सब कुछ वैसे ही चलता रहेगा, जैसा पहले चलता रहा है? यह सवाल इसलिए है क्योंकि ऐतिहासिक रूप से अब तक हुई तमाम औद्योगिक और संचार क्रांतियों में भारत की भूमिका नगण्य रही है। पहली औद्योगिक क्रांति में भी भारत ने न कुछ आविष्कार किया और न कोई निर्माण किया।

उसी तरह संचार क्रांति में भी भारत का योगदान एक यूजर देश के रूप में ही रहा। भारत ने हर क्रांति में बने उत्पादों का इस्तेमाल किया। अगर सोशल मीडिया क्रांति में भारत की उपलब्धि यह है कि भारत में सबसे ज्यादा 45 करोड़ फेसबुक यूजर हैं तो एआई क्रांति में अभी तक भारत की उपलब्धि का आंकड़ा यह है कि भारत में चैटजीपीटी के अमेरिका के बाद सबसे ज्यादा यूजर हैं। भारत में इनका इस्तेमाल करने वालों की संख्या साढ़े 14 करोड़ है।

अब दुनिया भर की एआई कंपनियों में होड़ मची है कि किसके यूजर सबसे ज्यादा होंगे। गूगल को अपने जेमिनी के यूजर बढ़ाने हैं तो सुंदर पिचाई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साथ मीटिंग के बाद मीडिया के सामने कहा कि उनकी कंपनी भारत के दो करोड़ कर्मचारियों को एआई के इस्तेमाल की ट्रेनिंग देगा। इसी तरह सैम ऑल्टमैन की कंपनी ओपनएआई भी चैटजीपीटी के इस्तेमाल के लिए प्रशिक्षण देगी। माइक्रोसॉफ्ट ने भी 30 लाख लोगों को प्रशिक्षण देने की घोषणा की है। 30 साल पहले इसी तरह माइक्रोसॉफ्ट के ट्रेनिंग कैंप लगते थे। उनके पेशेवर भारत के लोगों को माइक्रोसॉफ्ट के ऑपरेटिंग सिस्टम के इस्तेमाल की जानकारी देते थे। लोगों को ईमेल और सर्च इंजन के इस्तेमाल में प्रशिक्षित किया जाता था।

आज भी वही इतिहास दोहरा रहा है। आप कोई भी यूट्यूब प्लेटफॉर्म खोलिए वहां सबसे ज्यादा विज्ञापन इस बात का आ रहा है कि एआई का इस्तेमाल करना सीखें और कमाई बढ़ाए। याद करें कैसे पहली संचार क्रांति के समय गली गली में कंप्यूटर और लैपटॉप रिपेयर की दुकानें खुलीं, उसके बाद मोबाइल हैंडसेट के रिपेयर और सिम बेचने की दुकानें खुलीं और अब हर जगह एआई सिखाने की दुकानें खुल रही हैं।

सवाल है कि इसमें भारत का अपना क्या है? इसी एआई इम्पैक्ट समिट में भारत की कंपनी सर्वम ने अपना प्लेटफॉर्म लॉन्च किया। बेंगलुरू स्थित कंपनी ने पहला मल्टी बिलियन पैरामीटर का एलएलएम यानी लार्ज लैंग्वेज मॉडल पेश किया। लेकिन अभी इसका इस्तेमाल शुरू नहीं हुआ है। आम लोगों के बीच यह नहीं पहुंचा है और न इसके पेशेवरों द्वारा लोगों को सर्वम के इस्तेमाल की ट्रेनिंग दी जा रही है। दूसरी ओर अमेरिका की कंपनियों के प्लेटफॉर्म करोड़ों की संख्या में लोगों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे हैं। चैटजीपीटी के कई वर्जन आ गए। उसे लगातार अपग्रेड किया जा रहा है। इसी तरह जेमिनी, ग्रॉक, परप्लेक्सिटी जैसे प्लेटफॉर्म का करोडों लोग इस्तेमाल कर रहे हैं। चीन के डीपसीक की बात छोड़ दें तो अमेरिकी कंपनियां पूरी दुनिया पर छा गई हैं। उनके यहां इस पर इतना रुपया खर्च किया जा रहा है, जिसकी भारत में कल्पना भी नहीं की जा सकती है। अमेरिका अगले साल एआई पर साढ़े छह सौ बिलियन डॉलर यानी करीब छह लाख करोड़ रुपए का है। चीन अगले साल सौ बिलियन डॉलर यानी एक लाख करोड़ रुपए का है। इसके मुकाबले भारत सरकार ने इस साल बजट में एआई के लिए एक हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। सोचें, कहां छह लाख और एक लाख करोड़ और कहां एक हजार करोड़! दुनिया के एआई पेटेंट में भारत का हिस्सा सिर्फ 0.39 फीसदी है तो चीन का हिस्सा 70 फीसदी है।

भारत सरकार एक हजार करोड़ रुपए खर्च कर रही है लेकिन देश के अरबपतियों ने लाखों करोड़ रुपए के निवेश का ऐलान किया। इतना बड़ा ऐलान है कि अमेरिका और चीन भी चित हो जाएं। अडानी समूह ने अगले 10 साल में 18 लाख करोड़ तो अंबानी समूह ने सात साल में 10 लाख करोड़ रुपए निवेश का ऐलान किया है। सोचें, यह रकम पढ़ कर लगेगा कि अब भारत एआई क्रांति का विश्वगुरू बनने वाला है। भारत को कोई नहीं रोक सकता है। यह भी भाव मन में पैदा होगा कि अमेरिका और चीन भारत के इन दो कारोबारियों के सामने क्या हैं।

अब सवाल है कि क्या ये दोनों कारोबारी किसी एआई प्लेटफॉर्म का निर्माण करेंगे, क्या ये कोई चैटजीपीटी जैसा बना देंगे और भारत के लोग उसका इस्तेमाल करने लगेंगे? हम ज्यादा उम्मीद नहीं करते हैं। यह नहीं सोचते हैं कि भारत के अंबानी और अडानी कुछ ऐसा बना देंगे, जिसका इस्तेमाल अमेरिका या यूरोप के लोग करने लगेंगे लेकिन क्या भारत के लोगों के लिए भी ये कंपनियां कुछ बना पाएंगी? इनका इतिहास देखते हुए लग नहीं रहा है कि ये कुछ बनाएंगी। इन्होंने एआई क्रांति की फसल काटने का बंदोबस्त किया है। टाटा से लेकर अंबानी, अडानी तब सबने किसी न किसी अमेरिकी कंपनी के साथ तालमेल कर लिया है।

ये लोग उनके वेंडर की तरह काम करेंगे। भारत में सेक्टर स्पेशिफिक एप्लीकेशन बनाएंगे और उसके इस्तेमाल की फीस वसूल कर कमाई करेंगे। उस कमाई का भी बड़ा हिस्सा अमेरिका जाएगा।अब सवाल है कि भारत की कंपनियां इतना रुपया किस चीज में निवेश करेंगी? भारत की कंपनियों का निवेश जमीन अधिग्रहण करने, उस पर बड़ी इमारतें बनवाने और वहां एआई के डेटा सेंटर स्थापित करके उन्हें चलाने में खर्च होगा। वे बुनियादी ढांचा तैयार करके अमेरिकी कंपनियों को देंगी ताकि वे अपना डेटा सेंटर स्थापित करें। यह बहुत दिलचस्प संयोग है कि भारत सरकार ने इस साल बजट में डेटा सेंटर को 21 साल तक के लिए टैक्स छूट देने की घोषणा की है। यानी विशाल डेटा सेंटर बनेंगे और सरकार को कोई टैक्स नहीं दिया जाएगा। इतना ही नहीं डेटा सेंटर में इस्तेमाल होने वाली बिजली आम इस्तेमाल से 40 फीसदी सस्ती होगी। कंपनियां बजट में मिली इस छूट का लाभ उठाएंगी।ध्यान रहे भारत में डेटा कैपिसिटी अभी 1.2 गीगावॉट की है जो अगले चार साल में बढ़ कर पांच गीगावॉट होने वाली है। इसके लिए 20 से 30 गीगावॉट बिजली की जरुरत होगी और इसी अनुपात में डेटा सेंटर्स की कूलिंग के लिए अरबों लीटर पानी की जरुरत होगी। इस तरह भारत अपनी जमीन देगा, टैक्स छूट देगा, सस्ती बिजली देगा, पानी देगा और सस्ता मानव संसाधन देगा, जिस पर प्राइमरी कमाई अमेरिकी कंपनियों की होगी और उसके बाद उनकी पिछलग्गू भारतीय कंपनियों की कमाई होगी। एक आर्थिक जानकार ने बहुत अच्छा समझाया कि अमेरिका ने कोका कोला और पेप्सी बनाई तो जापान और दक्षिण कोरिया ने रेफ्रिजेरेटर बनाए फिर दोनों ने मिल कर दुनिया भर के देशों से खरबों डॉलर की कमाई की। एआई क्रांति में भी यही होता दिख रहा है। अमेरिकी कंपनियों ने एआई प्लेटफॉर्म बनाए और भारत के अरबपति उनके वेंडर बन कर उनके लिए डेटा सेंटर बना रहे हैं और दोनों मिल कर कमाई करेंगे।इसमें भारत का अपना कुछ नहीं होगा। भारत ने जब किसी क्रांति में कोई हार्डवेयर नहीं बनाया तो सॉफ्टवेयर क्या बनाएगा? भारत एक बढ़िया कंप्यूटर और लैपटॉप नहीं बनाता है। भारत एक बढ़िया स्मार्ट फोन नहीं बनाता है। भारत अपना टेलीविजिन सेट या रेफ्रेजेरेटर, एसी और वॉशिंग मशीन नहीं बनाता है। भारत के पास अपना ऑपरेटिंग सिस्टम नहीं है। वर्ड से लेकर लाइनक्स और आयोस से लेकर एंड्रॉयड तक सब विदेशी है। फिर हम कैसे यह कल्पना कर रहे हैं कि भारत कोई एआई का लोकप्रिय प्लेटफॉर्म बना लेगा? भारत जैसे पहले कुछ नहीं कर सका और यूजर या इंटरमीडियरी बना रहा वैसे ही आगे भी बना रहेगा। वैसे भी किसी होड़ में क्यों पड़ना है। जैसे बाकी चीजें खरीद कर भारत इस्तेमाल करता है वैसे ही एआई का भी करेगा।

अब दुनिया भर की एआई कंपनियों में होड़ मची है कि किसके यूजर सबसे ज्यादा होंगे। गूगल को अपने जेमिनी के यूजर बढ़ाने हैं तो सुंदर पिचाई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साथ मीटिंग के बाद मीडिया के सामने कहा कि उनकी कंपनी भारत के दो करोड़ कर्मचारियों को एआई के इस्तेमाल की ट्रेनिंग देगा। इसी तरह सैम ऑल्टमैन की कंपनी ओपनएआई भी चैटजीपीटी के इस्तेमाल के लिए प्रशिक्षण देगी। माइक्रोसॉफ्ट ने भी 30 लाख लोगों को प्रशिक्षण देने की घोषणा की है। 30 साल पहले इसी तरह माइक्रोसॉफ्ट के ट्रेनिंग कैंप लगते थे। उनके पेशेवर भारत के लोगों को माइक्रोसॉफ्ट के ऑपरेटिंग सिस्टम के इस्तेमाल की जानकारी देते थे। लोगों को ईमेल और सर्च इंजन के इस्तेमाल में प्रशिक्षित किया जाता था। आज भी वही इतिहास दोहरा रहा है। आप कोई भी यूट्यूब प्लेटफॉर्म खोलिए वहां सबसे ज्यादा विज्ञापन इस बात का आ रहा है कि एआई का इस्तेमाल करना सीखें और कमाई बढ़ाए। याद करें कैसे पहली संचार क्रांति के समय गली गली में कंप्यूटर और लैपटॉप रिपेयर की दुकानें खुलीं, उसके बाद मोबाइल हैंडसेट के रिपेयर और सिम बेचने की दुकानें खुलीं और अब हर जगह एआई सिखाने की दुकानें खुल रही हैं।

इसराइल और अमेरिका की निंदा

अजय दीक्षित

विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सैन्य क्षमता के देश अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने जैसे पूरी दुनिया, विशेषकर मध्य पूर्व एशिया को युद्ध की आग में झोंककर तीसरे विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। इसराइल ने 28 फरवरी को अमेरिका के साथ मिलकर ईरान में मिसाइलों, बम वर्षक विमानों से एक साथ हमला कर ईरान के सुप्रीम कमांडर अली खुमेनई सहित, रक्षा मंत्री, गृह मंत्री,43 लोगों को मौत के घाट उतार दिया है। विगत तीन दिन से इसराइल और ईरान में घमासान मचा हुआ है। दूसरी ओर ईरान ने दुबई, कुवैत, यमन, दोहा, जद्दा, बहरीन, आबुधाबी में स्थित अमेरिका के ठिकानों पर हमला कर दिया।

दुनियां भर में इसराइल और अमेरिका के इस कृत्य की निंदा हो रही है। यहां तक कि पाकिस्तान और भारत में भी कई शहरों लोगों ने विरोध जताया है। हालांकि भारत आधिकारिक तौर पर विश्व शांति की अपील की है।

इस घटनाक्रम का विश्व बाजार पर गहरा असर पड़ेगा। कच्चे तेल की कीमतें बढ़ेगी क्योंकि पूरे विश्व का 22 फीसदी क्रूड ऑयल भंडार ईरान पर है और भारत अपनी जरूरत का तीस फीसदी तेल ईरान से खरीदता है।ईरान ने मिसाइलों से दुबई, कुवैत, यमन, दोहा, जद्दा, बहरीन आबुधाबी,के तेल संयंत्रों को बर्बाद कर दिया है। आज बाजार खुलते ही सेंसेक्स 1000 पॉइंट नीचे गिर गया।

दरअसल जब से 2025 से दूसरी बार यू एस प्रेसिडेंट बने हैं डोनाल्ड ट्रंप तब उनके फैसलों में आग निकल रही है। पहले उन्होंने टैरिफ बार खेला और भारत , चाइना को इस जाल में फंसा कर अपनी बात मनवाई।इस वर्ष उन्होंने वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो को पकड़कर अमेरिकी जेल में डाल दिया और वेनेजुएला पर कब्जा कर लिया। ईरान पर आठ माह पूर्व उसके परमाणु हथियारों के ठिकानों पर हमला किया। बस रूस ही ऐसा देश है जो अमेरिकी दबाब में नहीं आ रहा है और वह भी यूक्रेन को हड़प रहा है। कुल मिलाकर स्थिति यह है कि जिसकी लाठी उसकी भैंस। इतना नहीं नाटो देश भी अब अमेरिका के साथ है। जर्मनी, फ्रांस, इंग्लैंड ने अपनी सेना युद्ध में उतारने का मन बना लिया है। डॉनल्ड ट्रंप से पहले के यू एस प्रेसिडेंट चाहे वह बराक ओबामा रहे हो या जोए बाइडन, यहां तक कि जॉर्ज बुश,सीनियर,जूनियर, विश्व राजनीतिक दखल तो रखते हुए सौम्यता बनाए रखते थे।हालांकि 50 वर्षों में मध्य पूर्व एशिया में अमेरिका ने सऊदी अरब, कुवैत, यमन, दोहा जद्दा, बहरीन, आबुधाबी को अपने रखा कवच में रखा है और वहां पर अमेरिका के सैनिक अड्डे, हवाई जहाज है। लेकिन इसराइल को उन्होंने विशेष रूप से सृजित किया है। इसराइल के पास आज ईरान,इराक,जैसे बड़े से अधिक सैन्य क्षमता है। यह सब अमेरिका का किया धारा है।ईरान भी कट्टर मुस्लिम शिया देश है जबकि साउथ एशिया में अफगानिस्तान, पाकिस्तान, यूएई, सऊदी अरब, कुवैत यमन दोहा जद्दा बहरीन आबुधाबी,सभी सुन्नी मुस्लिम देश है।ईरान को केवल लेबनान, बेरुत से सहयोग मिलता है।इसी लिए उसने हिज्बुल्लाह,हमास, अलकायदा, तालिबान, मिलेशिया को पनपा रखा है। ईरान का इतिहास भी कम रक्त रंजित नहीं है।यहां भी 1979 से पहले राजा पहलवी की किंग डम थी लेकिन अयातुल्ला खोमानी नामक कट्टर पंथी ने इस्लामिक क्रांति कर दी और ईरान का खुला पन जाता रहा है महिलाओं पर बेहद कड़े कानून लागू हुए ।1989 में अयातुल्ला खोमानी की निधन के बाद से 37 वर्ष से अली खुमेनई का शासन है। ईरान इसराइल से निपटने के लिए परमाणु हथियारों को हासिल करना चाहता था उसने 90 फीसदी तक यूरेनियम का परिशोधन कर लिया था। लेकिन अमेरिका ने अगस्त 2025 में उनका परमाणु हथियार बनाने वाला स्थान पर बमबारी की । दरअसल सऊदी अरब कुवैत यमन दोहा जद्दा बहरीन आबुधाबी, सभी चाहते हैं कि ईरान मध्य पूर्व में मुस्लिम देशों का नेता बनना चाहता है। ईरान के पूरे विश्व का 22 फीसदी क्रूड ऑयल भंडार है जो वेनेजुएला के बाद दूसरे स्थान पर है। डॉनल्ड ट्रंप ने ईरान को दबाने की मोहिम तो अपने पहले कार्यकाल से चला रखी है लेकिन 2021 के चुनाव में वे जोए बाइडन से हार गए थे। लेकिन इस बार उन्होंने इसराइल से मिल कर ईरान पर कब्जा तो नहीं अपना उल्लू बैठाने का फैसला कर दिया था। और अमेरिका में रह रहे पहलवी बांसाज़ को सत्ता सौंपेगे।इसी लिए अमेरिका ने सबसे पहले अली खुमेनई को निपटाया है। सूत्र बताते हैं कि यह युद्ध अभी रुकने वाला नहीं है।लगे हाथ इजरायल ने भी गाजा पट्टी पलस्तीन खाली कराली है। पलस्तीनियों को अफ्रीकी देश में बसाने की मुहिम चल रही है।अन्य मुस्लिम देश पाकिस्तान अफगानिस्तान में उलझ गया है।

आलिया भट्ट और शरवरी वाग की स्पाई थ्रिलर अल्फा की बदली रिलीज डेट

आलिया भट्ट और शरवरी की आगामी फिल्म अल्फा की नई रिलीज डेट का आखिरकार आ ही गई. इससे इसके सिनेमाघरों में रिलीज होने को लेकर महीनों से चल रही अटकलों का अंत हो गया है. पिछले कुछ महीनों से ऐसी खबरें आ रही थीं कि सलमान खान की फिल्म बैटल ऑफ गलवान से बॉक्स ऑफिस पर क्लैश से बचने के लिए फिल्म की रिलीज को स्थगित किया जा सकता है. कुछ अफवाहों में यह भी कहा गया था कि फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज नहीं होगी और सीधे किसी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो जाएगी. हालांकि मेकर्स के नए एलान से इसकी पुष्टि हो गई है कि फिल्म सिनेमाघरों में ही रिलीज होगी.

आलिया भट्ट की लंबे समय से अटकी फिल्म अल्फा अब 10 जुलाई 2026 को रिलीज होगी. यह फिल्म पहले दिसंबर 2025 और फिर अप्रैल 2026 में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसकी नई रिलीज डेट तय हो गई है.

मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर शेयर किया है, जिसमें आलिया भट्ट की एक झलक दिखाई गई, साथ ही फिल्म की स्टार कास्ट के बारे में आधिकारिक जानकारी भी दी गई, जिसमें शरवरी, अनिल कपूर और बॉबी देओल शामिल हैं. अल्फा को पहले क्रिसमस 2025 को रिलीज करने की योजना थी. बाद में, मेकर्स ने तारीख बदलकर 17 अप्रैल, 2026 कर दी. हालांकि, उसी तारीख को सलमान खान अभिनीत फिल्म बैटल ऑफ गलवान भी रिलीज होने वाली थी. बॉक्स ऑफिस पर सीधे टकराव से बचने के लिए, फिल्म मेकर्स ने अल्फा को आगे की तारीख में रिलीज करने का फैसला किया.

अल्फा, यश राज फिल्म्स स्पाई यूनिवर्स के पॉपुलर हिस्से का हिस्सा है. इस फ्रेंचाइजी की पिछली फिल्मों में एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है, वॉर, पठान, टाइगर 3 और वॉर 2 जैसी ब्लॉकबस्टर हिट फिल्में शामिल हैं. हालांकि, अल्फा इस फ्रेंचाइजी की पहली फीमेल लीड वाली स्पाई थ्रिलर होगी, जिसमें आलिया भट्ट और शरवरी बड़े लेवल पर एक्शन सेट में हाई–ऑक्टेन स्टंट करेंगी.

टी–20 विश्व कप के इतिहास में इन भारतीय खिलाड़ियों ने जीते हैं 2–2 खिताब

नईदिल्ली,11 मार्च। भारतीय क्रिकेट टीम ने हाल ही में संपन्न हुए टी–20 विश्व कप 2026 को जीतकर इतिहास रचा था। भारत इस टूर्नामेंट को सर्वाधिक 3 बार जीतने वाला देश (2007, 2024 और 2026) बना। इसके साथ ही कुछ भारतीय खिलाड़ी एक से अधिक बार इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को जीतने में सफल हुए हैं। इस बीच टी–20 विश्व कप के इतिहास में 2–2 बार चैंपियन बनने वाले भारतीय खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं।

रोहित शर्मा 2 खिताब जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने थे। उन्होंने टी–20 विश्व कप 2007 में 3 पारियों में 144.26 की स्ट्राइक रेट से 88 रन बनाए थे। इसके बाद 2024 में उन्होंने टीम की कप्तानी करते हुए 8 पारियों में 36.71 की औसत के साथ 257 रन बनाए थे।

आईपीएल 2026: मैथ्यू हेडन को गुजरात टाइटंस ने बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया

नईदिल्ली,इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी संस्करण की शुरुआत 28 मार्च से होनी है, जिसके पूरे शेड्यूल की आधिकारिक घोषणा होना बाकी है। इस बीच गुजरात टाइटंस (जीटी) फ्रेंचाइजी ने आईपीएल 2026 से ठीक पहले मैथ्यू हेडन को बतौर बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज हेडन आईपीएल में 32 मैचों में खेल चुके हैं और अब कोच की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। आइए इस खबर पर एक नजर डालते हैं।

जीटी के क्रिकेट डायरेक्टर विक्रम सोलंकी ने इस नियुक्ति पर कहा, मैथ्यू हेडन की नियुक्ति हमारी यात्रा के एक अहम पड़ाव पर हुई है। एक फ्रेंचाइजी के तौर हम लगातार अपने क्रिकेटिंग इकोसिस्टम को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। सबसे ऊंचे स्तर पर उनका अनुभव, और उभरती हुई प्रतिभा को मार्गदर्शन करने की उनकी काबिलियत, आने वाले सीजन में हमारे बल्लेबाजों के काम आएगी।

हेडन आईपीएल में 3 संस्करण में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। बल्लेबाजी में उन्होंने 32 पारियों में 36.90 की औसत और 137.51 की स्ट्राइक रेट के साथ 1,107 रन बनाए थे। इस बीच उन्होंने 93 रन के सवीच्च स्कोर के साथ 8 अर्धशतक लगाए थे।

सनी के किरदार में शाहिद कपूर की वापसी

साल 2023 की सुपरहिट वेब सीरीज फर्जी के दूसरे सीजन का इंतजार कर रहे फैंस के लिए बड़ी खबर है. एक्टर शाहिद कपूर ने ऑफिशियली फर्जी 2 की शूटिंग शुरू कर दी है. उन्होंने सोशल मीडिया पर एक खास तस्वीर शेयर कर इस बात की जानकारी दी. इस फोटो में शाहिद कपूर, राज निदिमोरू और कृष्णा डीके यानी राज एंड डीके के साथ नजर आ रहे हैं. जैसे ही यह अपडेट सामने आया, सोशल मीडिया पर सीरीज को लेकर फिर से चर्चा तेज हो गई.शाहिद कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर की है, उसमें वह सेट पर राज एंड डीके के साथ दिखाई दे रहे हैं. फोटो के साथ उन्होंने कैप्शन लिखा, फर्जी 2 डे 1... बैक एट इट! इसका मतलब हैं कि यह फर्जी 2 की शूटिंग का पहला दिन है. इस पोस्ट के सामने आते ही फैंस में उत्साह बढ़ गया. वहीं सीरीज के मेकर्स राज एंड डीके ने भी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर इस प्रोजेक्ट की ओर इशारा किया. उन्होंने करेंसी नोटों की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, राउंड 2 इन प्रोग्रेस. इससे साफ हो गया कि फर्जी का दूसरा सीजन अब बनना शुरू हो चुका है.

श्रद्धा कपूर ने दोबारा शुरू की ईथा की शूटिंग, इस कारण लेना पड़ा था ब्रेक

बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर अपनी आगामी फिल्म ईथा को लेकर काफी समय से चर्चा में हैं। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी रही फिल्म में अभिनेत्री को तमाशा कलाकार विथाबाई नारायणगांवकर के किरदार में देखा जाएगा। निर्माताओं ने फिल्म पर काम 2025 से शुरू कर किया था, लेकिन नवंबर में श्रद्धा ने शूटिंग से दूरी बना ली थी। हालांकि, अब श्रद्धा सेट पर वापस आ चुकी हैं। उन्होंने मुंबई के मलाड स्थित मार्वे बीच पर शूटिंग शुरू कर दी है। सूत्र ने बताया, टीम ने मार्वे बीच पर एक गांव का सेट तैयार किया है। श्रद्धा के ठीक होने तक लक्ष्मण ने सेटों को वैसे ही रहने दिया। अब, उन्होंने एक डांस नंबर की शूटिंग शुरू की है, जिसमें श्रद्धा का किरदार मेले के बीच एक स्टेज पर परफॉर्म करता नजर आएगा। वैभवी मर्चेंट डांस नंबर की कोरियोग्राफी कर रही हैं। नवंबर, 2025 में शूटिंग करते वक्त श्रद्धा के पैर के अंगूठे में फ्रैक्चर हो गया था।

टी–20 विश्व कप खिताब जीतने पर भारतीय टीम को 131 करोड़ रुपये की राशि देगा बीसीसीआई

नईदिल्ली, भारतीय क्रिकेट टीम ने टी–20 विश्व कप 2026 का खिताब जीता। इस खिताबी जीत के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इनामी राशि की घोषणा की। बोर्ड विजेता भारतीय टीम को 131 करोड़ रुपये देगा। बता दें कि भारत ने लगातार दूसरे संस्करण में इस प्रतिष्ठित खिताब को जीतने में सफलता हासिल की है। 2024 में जब रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत विश्व विजेता बना था, तब बोर्ड ने 125 करोड़ रुपये की इनामी राशि दी थी।

बीसीसीआई सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने इस घोषणा की पुष्टि की। उन्होंने कहा, क्ष्टष्टढ्ढ ने टी–20 विश्व कप 2026 में भारतीय टीम के शानदार प्रदर्शन के बाद उसे 131 करोड़ रुपये का नकद इनाम देने की घोषणा की है। उन्होंने आगे कहा, बोर्ड इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खिलाड़ियों, सपोर्ट स्टाफ और चयनकर्ताओं को एक बार फिर बधाई देता है और भविष्य में उनकी सफलता की कामना करता है।

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने इस मेगा टूर्नामेंट के लिए इनाम पर कुल 123.77 करोड़ रुपये की राशि खर्च की है। पिछले संस्करण में उसने 93 करोड़ रुपये की राशी खर्च की थी। इस बार विजेता टीम भारत को पुरस्कार स्वरूप 27.50 करोड़ रुपये की राशि मिलेगी। इसके अलावा उपविजेता टीम न्यूजीलैंड को भी अच्छी खासी रकम बतौर पुरस्कार मिली है। न्यूजीलैंड को फाइनल मुकाबला हारने के बाद 14.67 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि मिलेगी।

भारत से संजू सैमसन (89) और अभिषेक शर्मा (52) ने जोरदार शुरुआत दिलाई। नंबर–3 पर ईशान किशन ने भी अर्धशतक (54) लगाया, जबकि आखिरी ओवरों के दौरान शिवम दुबे ने 8 गेंदों में 26* रन बनाते हुए टीम को 255/5 के स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में न्यूजीलैंड से एलन (9), रचिन रविंद्र (1), ग्लेन फिलिप्स (5) और मार्क चैपमैन (3) दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके।

एक नजर

लंगूरों और बंदरों के उत्पात से ग्रामीण परेशान

चमोली। ब्लॉक के ढुंगल्वाली सहित आसपास के गांवों में लंगूरों और बंदरों के उत्पात से काश्तकारों और लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रधान अंकित पंत, गजेंद्र कोठियाल, प्रीति कोठियाल, रेखा कोठियाल आदि ने कहा कि फसलों को नुकसान पहुंचाने के अलावा भगाने पर लंगूर लोगों पर हमला कर रहे हैं। वहीं नगर के सिमली बाजार और न्यू डिम्मर, सिमली गांव, राड़खी, मज्याड़ी आदि गांवों में बंदर घरों के अंदर, पैदल रास्तों और खेत खलिहानों को नुकसान पहुंचा रहे हैं जिस कारण स्कूली बच्चों, राहगीरों और लोगों को आवाजाही में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रधान डिम्मर विनीता डिमरी, पूर्व जिपंस देवेंद्र सिंह नेगी, जयदीप गैरोला और रविंद्र खंडूड़ी ने वन विभाग से बंदरों को पकड़ने की मांग की।

केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ की नारेबाजी

चमोली। महिला दिवस के अवसर पर देहरादून के गांधी पार्क से शुरू हुई सीपीआई (एम) की जन संघर्ष जत्था रैली बुधवार को थराली पहुंची। जहां कामगार संगठनों, भूमिहीन, आंगनबाड़ी, आशा, भोजनमाता, ग्राम प्रहरी सहित कई संगठनों के कार्यकर्ताओं ने रैली का स्वागत किया और केंद्र सरकार और राज्य सरकार की नीतियों के विरोध में नारेबाजी की। तहसील परिसर के पास स्थित मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए पोलित ब्यूरो के सदस्य कामरेड बीजू कृष्णनन ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार पूरे देश का निजीकरण कर पूंजीपतियों को बेच रही है। मानदेय के नाम पर महिलाओं का शोषण कर रही है। बेरोजगारी से बढ़ता पलायन, महिला हिंसा, बिगड़ती कानून व्यवस्था से राज्य के लोग त्रस्त हैं।

इन्हीं समस्याओं को लेकर 24 मार्च शहादत दिवस पर रामलीला मैदान में विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा जिसमें जनविरोधी, सांप्रदायिक व कॉरपोरेट नीतियों के खिलाफ अपनी लड़ाई तेज करेंगे। इसके बाद हुई पत्रकार वार्ता में सीपीआई (एम) के राष्ट्रीय पोलित ब्यूरो बीजू कृष्णनन ने कहा कि देश में महंगाई और बेरोजगार चरम पर है। श्रम कानूनों में बदलावों के कारण श्रमिकों के हितों को कुचला जा रहा है। इस दौरान किसान सभा के महामंत्री पुष्पेंद्र त्यागी, सीपीआईएम के केंद्रीय सदस्य राजेंद्र नेगी, सचिव राजेंद्र पुरोहित, सीटू के महामंत्री लेखराज, सुरेंद्र सजवाण, पुरुषोत्तम बडोनी, नितिन मलेठा, महेंद्र सामवेदी, मदन मिश्रा, सतीश धौलाखंडी और अयाज अहमद आदि मौजूद थे।

धर्म और गोसंरक्षण के मुद्दे पर चलेगा जनजागरण अभियान

चमोली। धर्म और गोसंरक्षण के लिए ज्योतिर्मठ के ज्योतिषपीठ में बुधवार को धर्मसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान कहा गया कि यदि शीघ्र उत्तर प्रदेश सरकार धर्म और गोसंरक्षण के मुद्दे पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं करती तो देशभर में जनजागरण और व्यापक आंदोलन चलाया जाएगा। ज्योतिषपीठ के स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने उत्तर प्रदेश सरकार को 40 दिन में गाय को राज्य माता घोषित करने, गोहत्या को पूरी तरह बंद करने का संदेश दिया था। मगर समय पूरा होने के बाद भी कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं होने पर बुधवार को इस मुद्दे पर धर्म सभा का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने इसको लेकर अपने-अपने विचार रखे। सभा में धर्म, संस्कृति, राष्ट्र हित की रक्षा का संकल्प लिया गया। इस दौरान शंकराचार्य मठ के व्यवस्थापक स्वामी विष्णुप्रियानंद महाराज, जगदीश उनियाल, ब्लॉक प्रमुख अनूप नेगी, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम सिंह फर्स्वाण, अधिवक्ता दिलबर फरस्वाण, दिगंबर बिष्ट, लक्ष्मण बुटोला, आशीष फरस्वाण आदि मौजूद रहे।

हिमालयी जैव-विविधता पर हुई व्याख्यानमाला

चमोली। डॉ० शिवानंद नौटियाल महाविद्यालय में हिमालयी जैव-विविधता के संदर्भ में ऊत्तक संवर्धन विषय की बारहवीं व्याख्यानमाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रो. राम अवतार सिंह ने कहा कि उच्च शिक्षा के तहत आयोजित इस व्याख्यान माला से हिमालयी क्षेत्र की जैव विविधता की महत्वपूर्ण जानकारियां दी जा रही हैं। हंसराज महाविद्यालय दिल्ली की प्रो. पूजा गुप्ता झा ने हिमालयी जैव विविधता के सतत उपयोग में पादप ऊत्तक संवर्धन के मौलिक सिद्धांतों के उपयोग की जानकारियां दी। डॉ०इंद्रेश कुमार पांडेय के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं और प्राध्यापकों ने प्रतिभाग किया।

हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर होगें कार्यक्रम, तैयारियां जोरों पर

कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारी, प्रचार-प्रसार हेतु टीम गठित

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : हिंदू नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, विक्रम संवत 2083 (रौद्र) के शुभारंभ की पूर्व संध्या पर आगामी 18 मार्च को कोटद्वार नगर में भव्य नागरिक समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस दिन नगर के मुख्य मार्गों पर शोभा यात्रा के साथ ही राजकीय प्रेक्षागृह में अपराह्न 4:00 बजे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। शोभा यात्रा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है और कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु टीम भी गठित की गई।

समारोह की तैयारी को लेकर नव संवत्सर अभिनंदन समारोह समिति की बुधवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि आगामी 19 मार्च से नव वर्ष विक्रम संवत् 2083 (रौद्र), युगाब्द 5128 प्रारंभ हो रहा है। विक्रम संवत् देश का सबसे प्रचलित, प्रामाणिक एवं वैज्ञानिक संवत् है। बैठक में जानकारी दी गई कि आगामी 18 मार्च को नव संवत्सर की पूर्व संध्या पर कोटद्वार नगर में भव्य नागरिक समारोह आयोजित किया जा रहा है। जिसमें नगर के मुख्य मार्गों पर शोभा यात्रा निकालकर भारतीय संस्कृति की झांकी प्रदर्शित की जाएगी। इसके उपरांत राजकीय प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय नव वर्ष का स्वागत किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे और मिष्ठान वितरित किया जाएगा। 19 मार्च को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के पावन पर्व पर प्रातः 5 से 7 बजे भारत स्वाभिमान न्यास के सौजन्य से टाटा परिसर में योगाभ्यास एवं हवन कार्यक्रम आयोजित होगा। बैठक में डॉ. पदमेश बुडाकोटी, एसपी थपलियाल, प्रकाश कोठारी, रवींद्र नेगी, सुनीता कोटनाला, रीमा चौहान, महानंद ध्यानी, चंदन नकोटी, मनोज कुकरेती, डॉ. अनुराग शर्मा, डॉ. गीता रावत, पीएल खंतवाल, रमाकांत कुकरेती, रोशन बलूनी, सिद्धार्थ नैथानी, श्रीकांत दुदपुड़ी, सुदीप बौंठियाल, प्रवेश नवानी, शंकर दत्त गौड़, दीपक कुकरेती, गजेंद्र सिंह चौहान, प्रदीप नौटियाल, दिनेश जुयाल, गोपाल जखमोला, गायत्री भट्ट ,अंजू पुंडीर, रजनी नेगी, सुनीता माहेश्वरी, शशि भूषण अमोली आदि उपस्थित थे।

नव संवत्सर समिति की बैठक में विचार व्यक्त करते हुए डा. पदमेश बुड़ाकोटी।

सड़क पर पलटी जीएमओयू की बस, चार महिलाएं घायल

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : रिखणीखाल ब्लॉक के तोल्यूडांडा के समीप जीएमओयू की एक बस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। रिखणीखाल थाना पुलिस ने रेस्क्यू अभियान चलाकर बस में फंसे यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। दुर्घटना में चार महिलाएं घायल हो गई। घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार देने के पश्चात 108 एम्बुलेंस के माध्यम से नजदीकी अस्पताल भिजवाया गया। बस में 15 सवारियां थी।

रिखणीखाल थानाध्यक्ष मोहम्मद अकरम ने बताया कि मंगलवार देर शाम पुलिस को सूचना मिली कि तोल्यूडांडा के पास जीएमओयू की एक बस सड़क पर पलट गई है। पुलिस बल मौके पर पहुंचा। राहत एवं बचाव कार्य करते हुए सभी यात्रियों को बस से सुरक्षित बाहर निकाला। घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार देने के बाद 108 एंबुलेंस से नजदीकी अस्पताल भिजवाया गया। घटना में सभी यात्रियों को साधारण चोटें आई हैं तथा सभी की स्थिति सामान्य है। चार यात्रियों को ज्यादा चोटें आने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि दुर्घटना में 57 वर्षीय सरला देवी पत्नी चंद्रमोहन सिंह, 81 वर्षीय विद्या देवी पत्नी विक्रम सिंह, 60 वर्षीय विमला देवी पत्नी मदन सिंह, 29 वर्षीय शिल्पा देवी पत्नी विजयपाल निवासी उम्मेदु बाखल, तोल्यूडांडा घायल हो गये।

स्कूटी और रोडवेज बस की टक्कर, युवक घायल

जयन्त प्रतिनिधि।

लैंसडौन : तहसील लैंसडौन क्षेत्र के अन्तर्गत भानकोट के पास स्कूटी की टक्कर रोडवेज बस से हो गई। दुर्घटना में स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को कोटद्वार अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार भानकोट, थाना लैंसडौन, जिला पौड़ी गढ़वाल निवासी नैतिक जुयाल पुत्र सत्यपाल बुधवार दोपहर एक बजे स्कूटी में सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान भानकोट के पास स्कूटी रोडवेज बस से टक्करा गई। दुर्घटना में नैतिक जुयाल गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को स्थानीय लोगों की मदद से कोटद्वार अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है।

बेस अस्पताल में जल्द मिलेगी पार्किंग की सुविधा

श्रीनगर गढ़वाल : मेडिकल कॉलेज के बेस अस्पताल में आने वाले मरीजों व तीमारदारों को पार्किंग के लिए भटकना पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए मेडिकल कॉलेज प्रशासन की ओर से टीचिंग बेस अस्पताल परिसर में जल्द मल्टी स्टोरी पार्किंग का निर्माण किया जाएगा।

मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना का कहना है कि अस्पताल परिसर में मौजूद पुराने गैरेज वाली जमीन पर मल्टी स्टोरी पार्किंग का निर्माण किया जाएगा। करीब तीन मंजिला पार्किंग का निर्माण होगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए करीब सवा दो करोड़ रुपये की डीपीआर को शासन से स्वीकृति मिल चुकी है। बजट मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। करीब 40 चौपहिया वाहन व 60 दोपहिया वाहनों की पार्किंग के लिए व्यवस्था हो इसके प्रयास किए जा रहे हैं। (एजेंसी)

छात्राओं को दी नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने की सलाह

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की पहल पर महिला सशक्तीकरण पर कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर डॉ. गीता रावत शाह ने छात्राओं से सामाजिक मर्यादाओं का पालन करते हुए अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की अपील की। डॉ. इंदू मलिक ने महिलाओं को अपनी मूल प्रकृति में रहते हुए समाज में चुनौतियों का सामना करने को कहा। डॉ. उषा सिंह ने छात्राओं को अपनी क्षमताओं को विकसित करने व नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने की सलाह दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. हरीशचंद्र एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के प्रियंवद ने किया। प्रियंवद ने छात्राओं को स्वयं के लिए आगे आने व सभी क्षेत्रों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के प्रयास पर जोर देने की बात कही। कण्व किरण ग्रुप के सदस्य गौतम नेगी ने कहा कि महिला केवल एक गृहिणी ही नहीं बल्कि समाज की रीढ़ है। आंतरिक गुणवत्ता विनिश्चयं प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. विनय देवलाल ने कहा कि समाज को महिलाओं के प्रति अपनी सोच को बदलने की आवश्यकता है। प्राचार्य प्रो. डॉ. हरीशचंद्र ने छात्राओं को सभी क्षेत्र में अपना योगदान बढ़ाने के साथ-साथ तकनीकी शिक्षा के आयामों को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ने को कहा। इस अवसर पर डॉ. अंजू थपलियाल, कण्व किरण ग्रुप के गौरव, हिमांशु, दीप्ति मैठाणी आदि मौजूद रहे।

प्रशासन ने अवैध खनन में लिप्त पांच ट्रैक्टर ट्राली की सीज

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया के निर्देश पर तहसील प्रशासन ने अवैध खनन पर रोक लगाने हेतु छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने झूलापुल के पास खोह नदी में अवैध खनन कर रहे पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज कर दिया तथा चालानी कार्रवाई की जा रही है। उपजिलाधिकारी ने बताया कि अवैध खनन को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन की ओर से आगे भी इस तरह की छापेमारी लगातार जारी रहेगी। उपजिलाधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि क्षेत्र में अवैध खनन को रोकने के लिए प्रशासन लगातार छापेमारी अभियान चला रहा है। इसी क्रम में बुधवार सुबह नायब तहसीलदार राजेंद्र सनवाल के नेतृत्व में राजस्व टीम ने झूलापुल स्थित खोह नदी में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नदी में अवैध रूप से खनन करते हुए पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी गई। टीम ने मौके पर ही सभी वाहनों को सीज करते हुए उन्हें कब्जे में ले लिया। वाहन स्वामियों के खिलाफ नियमानुसार चालानी कार्रवाई की जा रही है। एसडीएम ने चेतावनी देते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति अवैध खनन में लिप्त पाया जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

अहिल्याबाई नाटक का किया शानदार मंचन

श्रीनगर गढ़वाल : हिमाद्री नाट्य महोत्सव के तीसरे दिन अहिल्याबाई नाटक का मंचन किया गया। नाटक से पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध कवि नीरज नैथानी ने किया। नाटक में दिखाया गया कि कैसे मल्हार राव होलकर ने सती प्रथा का विरोध किया और अहिल्या बाई होलकर को मालवा की शासक की बागडोर सौंपी। मुकेश झा की ओर से लिखित तथा रोहित त्रिपाठी निर्देशित नाटक में न्यायप्रिय शासक अहिल्या बाई होलकर के जीवन की यात्रा का प्रभावशाली ढंग से मंचन किया गया। नाटक की शुरुआत उस ऐतिहासिक प्रसंग से होती है जब मराठा साम्राज्य के महान सेनापति मल्हार राव होलकर चौंडी गांव पहुंचते हैं। वहां मंदिर में प्रार्थना कर रही बालिका अहिल्या के संस्कार और प्रतिभा से प्रभावित होकर वे उसे अपने पुत्र खंडेराव होलकर के लिए वधू के रूप में चुन लेते हैं। नाटक में दुखद मोड़ तब आता है जब युद्धभूमि में खंडेराव वीरगति को प्राप्त हो जाते हैं। इस घटना के बाद समाज की कुरीति सती प्रथा का दबाव अहिल्या पर पड़ता है लेकिन मल्हार राव होलकर और गौतमी बाई इसका विरोध करते हुए उन्हें सती होने से रोकते हैं। इस दृश्य को देखकर दर्शकों की आंखें नम हो जाती हैं। इसके बाद अहिल्या बाई का राजतिलक होता है और वे मालवा की शासक के रूप में राज्य की बागडोर संभालती हैं। नाटक में उनके पुत्र माले राव होलकर की ओर से एक निर्दोष व्यक्ति की हत्या, अहिल्याबाई का अपने पुत्र को कठोर दंड देने का निर्णय के प्रसंगों का कलाकारों ने शानदार मंचन किया। इस मौके पर केंद्र निदेशक गणेश खुगशाल, डॉ. संजय पांडेय आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

जंगली जानवरों से बचाव के लिए कारगर नीति बनाने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के संरक्षक जीके बड़थ्वाल ने जंगली जानवरों द्वारा आमजन पर लगातार किये जा रहे हमलों पर रोष व्यक्त किया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार जंगली जानवरों को आबादी तक आने में रोकने के लिए प्रभावी उपाय करने में नाकाम रही है। उन्होंने प्रदेश सरकार से जंगली जानवरों से बचाव के लिए कारगर नीति बनाने की मांग की। प्रेस को जारी बयान में उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले ही पौड़ी जिले में गुलदार द्वारा एक व्यक्ति पर हमला कर उसकी जान लेने की घटना प्रकाश में आई है। कहा कि प्रदेश के पहाड़ी जिलों में इस तरह की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है और इस संबध में सरकारी प्रयास नाकाफी साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों से लगातार जंगली जानवरों के हमलों में लोगों के मारे जाने और घायल होने की खबरें सामने आ रही हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों और जंगल से सटे इलाकों में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। प्रदेश सरकार को इस संबध में ठोस कार्रवाई करनी चाहिए। कहा कि जल्द इस सम्बन्ध में कारगर नीति नहीं बनाई तो गांवों का अस्तित्व समाप्त हो जायेगा।

आवासीय इकाइयों को अनिवार्य रूप से कराना होगा पंजीकरण

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : चारधाम यात्रा के दृष्टिगत जनपद के अंतर्गत यात्रा मार्ग पर स्थित होटल, लॉज, रिजोर्ट, धर्मशाला व होमस्टे आदि सहित समस्त व्यवसायिक आवासीय इकाइयों को पर्यटन कार्यालय रुद्रप्रयाग में पंजीकरण करने के साथ ही रेट स्वीकृत करवाना अनिवार्य होगा। स्वीकृत दरों से अधिक सुविधाओं का विक्रय करने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। जिला पर्यटन विकास अधिकारी राहुल चौबे ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के अंतर्गत समस्त आवासीय इकाइयों का पंजीकरण अनिवार्य होगा। बताया कि गैर पंजीकृत इकाइयों का संचालन करने की दशा में पर्यटन विभाग द्वारा चालान की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने समस्त होटल, लॉज, रिजोर्ट, धर्मशाला व होमस्टे समस्त व्यवसायियों को विभागीय पोर्टल पर पंजीकरण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही बताया कि नियम विरुद्ध संचालन करने पर दस हजार रुपए तक अर्थदंड वसूला जाएगा।

शराब पीकर हुड़दंग करना पड़ा भारी, 15 व्यक्तियों पर कार्रवाई

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : मिशन मर्यादा के अंतर्गत कोटद्वार पुलिस ने मंगलवार को सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीकर हुड़दंग करने वाले 15 व्यक्तियों पर चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही संबंधित व्यक्तियों को कड़ी चेतावनी दी गई कि भविष्य में यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर मद्यपान कर अशांति फैलाने, सामाजिक मर्यादा भंग करने अथवा कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास किया गया तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप नेगी ने बताया कि वर्तमान में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी के निर्देशन में जनपद में शांति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से मिशन मर्यादा अभियान संचालित किया जा रहा है। इस क्रम में कोतवाली पुलिस द्वारा मंगलवार को नगर क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, बाजारों तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीकर हुड़दंग एवं अव्यवस्था फैला रहे 15 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। उक्त सभी व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस अधिनियम के अंतर्गत चालानी कार्यवाही की गई और उन्हें भविष्य में इस तरह की हरकत न करने की चेतावनी दी।

सूचना के अभाव में खाली रही राज्य महिला आयोग की जनसुनवाई

नई टिहरी। राज्य महिला आयोग की ओर से आयोजित जनसुनवाई में सूचना के अभाव में फरियादी नहीं पहुंचे। इस पर राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ऐश्वर्या रावत ने हैरानी जताई। बाद में फोन पर संपर्क किए जाने के बाद केवल एक शिकायतकर्ता महिला ही सुनवाई के लिए पहुंच सकी। इसके अलावा महिला उत्पीड़न से संबंधित सात शिकायतें दर्ज की गई। राज्य महिला आयोग आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई आयोजित की गई थी जिसमें एक भी फरियादी नहीं पहुंचा। जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय गौरव ने बताया कि संभवतः आयोग की ओर से शिकायतकर्ताओं को जनसुनवाई की सूचना दी गई होगी। इसके बाद उपाध्यक्ष ऐश्वर्या रावत, जिला कार्यक्रम अधिकारी ने शिकायतकर्ताओं के फोन नंबर लेकर उनसे संपर्क किया। अधिकांश शिकायतकर्ताओं ने बताया कि उन्हें जनसुनवाई के संबंध में पहले से कोई सूचना नहीं मिली थी। फोन पर संपर्क के बाद एक महिला सुनवाई में पहुंची जिसने भी बताया कि उसे कार्यक्रम की जानकारी पहले नहीं दी गई थी। इस स्थिति पर उपाध्यक्ष रावत ने खेद जताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य यह होता है कि महिलाओं से जुड़ी विभिन्न समस्याओं का समाधान एक ही स्थान पर संबंधित विभागों की मौजूदगी में किया जा सके।

चार किमी पोखरी-चोपड़ा सड़क का चार साल से नहीं हुआ निर्माण

चमोली। चार साल से चार किमी पोखरी-नखोलियाना-चोपड़ा सड़क का निर्माण अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने लोनिवि से जल्द से जल्द कार्य शुरू करने की मांग की।

मांग पूरी न होने पर आंदोलन की भी चेतावनी दी। सड़क संघर्ष समिति के अध्यक्ष मयंक वैष्णव, कुंवर सिंह चौधरी, मधुसूदन चौधरी, राजेंद्र कोठियाल, रमेश कुंवर, शिवराज, महिधर पंत, संतोष चौधरी आदि ने कहा कि लंबे संघर्ष के बाद आठ किमी लंबी पोखरी-नखोलियाना-चोपड़ा सड़क को वर्ष 2014-15 में स्वीकृति मिली थी। लोनिवि ने 2020-21 में चोपड़ा से कटिंग कार्य शुरू किया और नखोलियाना तक करीब चार किमी कटिंग के बाद काम बंद कर दिया गया। ऐसे में सड़क का जो हिस्सा बनाया गया वह किसी सड़क से जुड़ नहीं पाया। ग्रामीणों ने फिर आंदोलन किया और इसके बाद पोखरी-नखोलियाना तक चार किमी सड़क को स्वीकृति मिली। एक माह पहले इसका टेंडर भी जारी कर दिया गया लेकिन अभी तक काम शुरू नहीं हो पाया है। यह सड़क बन जाए तो चोपड़ा, नखोलियाना, किमगैर खड़की, बसुधरा, गनियाला, चमेठी खड़की और धौड़ा सहित कई गांवों को लाभ मिले। वहीं मामले में लोनिवि के अधिशासी अभियंता राजकुमार का कहना है कि इस सड़क को लेकर टेंडर प्रक्रिया चल रही है। प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

मोरी के केवला तोक में सड़क और बिजली की सुविधा नहीं

उत्तरकाशी। मोरी प्रखंड के बैनोल गांव के केवला तोक में आज भी सड़क और बिजली सुविधा नहीं है। ग्रामीणों ने सड़क और बिजली सुविधा के लिए लोनिवि मंत्री सतपाल महाराज को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में कहा गया कि उत्तराखंड निर्माण के 25 वर्ष बाद भी केवला तोक सड़क जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित है जिससे गांव के 35 परिवारों को आज भी दो किमी पैदल भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बैनोल गांव में संचालित सतलुज विद्युत परियोजना से क्षेत्र की कृषि भूमि डूब क्षेत्र में आ गई है। ऐसे में बैनोल के ग्रामीण अब केवला तोक में ही खेतीबाड़ी कर रहे हैं। सड़क बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव से लोगों को आवागमन में दिक्कतें झेलनी पड़ रही है। ज्ञापन में कहा गया है कि केवला तोक में सड़क व विद्युत व्यवस्था को कई बार शासन प्रशासन से पत्राचार भी किया गया लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है।

बांध प्रभावित ग्रामीणों से जुटाएंगे जन समर्थन

नई टिहरी। बौराड़ी में बांध विस्थापित और प्रभावितों का निशुल्क बिजली, पानी दिए जाने की मांग को लेकर 12वें दिन भी धरना जारी रहा। सामाजिक कार्यकर्ता सागर भंडारी ने कहा कि आंदोलन को तेज करने के लिए बांध प्रभावित विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों का जनसमर्थन जुटाया जाएगा। बौराड़ी के गणेश चौक में टिहरी बांध से मिलने वाले 12 प्रतिशत रॉयल्टी से बांध विस्थापित और प्रभावितों को निशुल्क बिजली पानी दिए जाने की मांग को लेकर संचालित पर बैठे लोगों ने निर्णय लिया की आगामी दिनों में ग्रामीण क्षेत्रों में चौपालों के माध्यम आंदोलन के लिए जनसमर्थन जुटाया जाएगा। सामाजिक कार्यकर्ता भंडारी ने कहा कि टिहरी बांध से प्रभावित सभी विधानसभा के गांवों में जन जागरूकता अभियान चलाकर बिजली-पानी फ्री दिए जाने को लेकर समर्थन जुटाने का काम किया जाएगा। बताया गत मंगलवार को घनसाली और चमियाला के लोगों ने धरना स्थल पर पहुंचकर उनकी मांगों का समर्थन किया। कहा कि टिहरी बांध के कारण टिहरी, प्रतापनगर, घनसाली विधानसभा सबसे अधिक प्रभावित हुई हैं, इसके अलावा देवप्रयाग, नरेंद्रनगर और धनोल्टी विधानसभाओं के लोगों पर कहीं न कहीं इसका असर पड़ा है। बांध के कारण उत्तरकाशी जिले के भी कई गांव प्रभावित हुए हैं।

सेना, अस्पताल और शैक्षणिक संस्थानों को मिलेंगे व्यावसायिक सिलिंडर

उत्तरकाशी। जनपद में प्रशासन की ओर से व्यावसायिक सिलिंडरों की आपूर्ति को होटल, ढाबों आदि के लिए बंद कर दिया गया है। स्थिति को देखते हुए इनकी आपूर्ति मात्र सेना, अस्पताल और शैक्षणिक संस्थानों के लिए की जाएगी। वहीं, घरेलू सिलिंडरों की आपूर्ति कम होने की सूचना पर जोशियाड़ा में लोगों की लंबी कतार देखने को मिली। इस दौरान वहां पर आपूर्ति कम होने पर गैस एजेंसी कर्मचारियों और स्थानीय लोगों के बीच कहासुनी भी देखने को मिली। जनपद में व्यवसायिक रसोई गैस सिलिंडरों की आपूर्ति बंद होने के बाद अब होटल, रेस्तरां, ढाबा संचालकों के सामने परेशानी खड़ी हो गई है। साथ ही अब चारधाम यात्रा भी शुरू होने वाली है। साथ ही जनपद में घरेलू रसोई गैस की आपूर्ति को देखते हुए लोग परेशान हैं। आपूर्ति कम होने की सूचना पर सुबह से ही लोगों की ज्ञानसू स्थित गैस एजेंसी कार्यालय में भारी भीड़ उमड़ पड़ी।उसके बाद कर्मचारियों ने लोगों को जोशियाड़ा भेज दिया और कहा कि वहां पर सिलिंडर का ट्रक पहुंच रहा है। इसकी सूचना मिलते ही लोगों की सुबह से ही जोशियाड़ा ट्रक एसोसिएशन पार्किंग में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। वहां पर भी एक ट्रक पर सिलिंडर समाप्त होने पर एजेंसी कर्मचारियों और स्थानीय लोगों के बीच कहासुनी देखने को मिली। स्थानीय लोगों ने कहा कि जब तक सिलिंडर नहीं आ जाते तब तक सभी कर्मचारी यहीं पर रहे। हालांकि बाद में आपसी बातचीत के बाद मामला सुलझ गया था। जिला पूर्ति अधिकारी आशीष कुमार ने बताया कि जनपद की 12 एजेंसियों में अभी 1200 घरेलू रसोई गैस और 876 व्यवसायिक गैस सिलिंडर उपलब्ध हैं।

पटवारी चौकियों पर ताला, ग्रामीणों पर आर्थिक मार

उत्तरकाशी। जनपद मुख्यालय के आसपास की पटवारी चौकियों में राजस्व उपनिरीक्षक और उनके कर्मचारी नहीं बैठने के कारण वे जर्जर हो गई है। स्थिति यह है कि बाजार चौकी में लंबे समय से ताला लटका है। बाहर दीवार पर पेंट को घिसकर नंबर लिखा गया है। उसकी सूचना वहां खेलते बच्चे दे रहे हैं कि पटवारी जोशियाड़ा मिलेंगे। सरकार की ओर से करोड़ों की धनराशि खर्च कर न्याय पंचायत और विभिन्न क्षेत्र के मुख्य केंद्रों पर करोड़ों की लागत से दो-दो मंजिला पटवारी चौकी भवनों का निर्माण किया गया। जनपद मुख्यालय से महज पांच से छह किमी की दूरी पर बोंगा सहित साल्ड चौकी की यह स्थिति है। वहीं, राजस्व विभाग दोबारा इनके मरम्मत के लिए प्रस्ताव भेज रहा है। चौकियों में पटवारी नहीं मिलने के कारण ग्रामीणों को शहर आने में रोज अतिरिक्त आर्थिक बोझ से जूझना पड़ता है। उसके बावजूद कई बार पटवारी जोशियाड़ा चौकी नहीं मिलने के कारण लोगों को चक्कर काटने पड़ते हैं। स्थिति इतनी दयनीय है कि बाजार चौकी में भी कई महिनों से ताला लगा हुआ है। स्थानीय निवासी शरद सिंह रावत का कहना है कि ग्रामीणों को रोज परेशान होना पड़ता है।

बेमौसमी धान की पौध नष्ट करने पर कांग्रेसियों का प्रदर्शन

रुद्रपुर। बेमौसमी धान की पौध को प्रशासन द्वारा नष्ट किए जाने से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार को तहसील गेट पर सांकेतिक धरना दिया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर एसडीएम रविंद्र जुवांठा के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। बुधवार को सितारगंज और शक्तिफार्म क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता तहसील गेट पर पहुंचे और धरना दिया। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार किसानों का उत्पीड़न कर रही है और उन्हें अपने ही खेतों में खेती करने से रोका जा रहा है। किसानों की धान की पौध नष्ट कर उन्हें आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया है। कहा कि शक्तिफार्म क्षेत्र के कई गांवों में जलभराव की समस्या बनी रहती है। इन क्षेत्रों में सरसों की फसल खड़ी है, लेकिन गेहूं की फसल नहीं हो पाती। ऐसे में किसान गर्मियों में ह्यचैनी धानह्व की खेती करते हैं, जिसके लिए उन्होंने पौध तैयार की थी। आरोप लगाया कि दबाव में राजस्व टीम और अन्य विभाग पौध को नष्ट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जलभराव के कारण यहां दूसरी फसल उगाना संभव नहीं है। पानी की बर्बादी करने वाले संस्थानों को चिह्नित किया जाना चाहिए, लेकिन इसके बजाय किसानों का शोषण किया जा रहा है। चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने किसानों को धान लगाने की अनुमति नहीं दी तो अनिश्चितकालीन धरना देने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। धरना देने वालों में शक्तिफार्म कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य, प्रदेश सचिव नवतेज पाल सिंह, श्रीकांत मिस्त्री, मनदीप सिंह, आजम मलिक और सत्येंद्र सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

17 मार्च को त्रयोदशी पर होगा वारुणी यात्रा का आयोजन

उत्तरकाशी। वरुणावत पर्वत की वारुणी यात्रा का आयोजन इस बार 17 मार्च को चैत्र मास की त्रयोदशी पर होगी। हर साल पंचकोसी वारुणी यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु वरुणावत पर्वत की परिक्रमा करने के बाद पुण्य अर्जित करते हैं। वारुणी यात्रा में जनपद ही नहीं बल्कि अन्य जनपदों से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं। पंचकोसी वारुणी यात्रा का आयोजन बनारस की काशी के तरह प्राचीन काल से की जाती है। बड़ेथी से शुरू होने वाली यात्रा का विशेष महत्व है। श्रद्धालु बडेथी में वारुणा और गंगा में स्नान करने के बाद बसुंगा, साल्ड, ज्ञाणजा, शिखरेश्वर होते हुए संग्राली, पाटा, गंगोरी में पहुंचते हैं जो एक दिन में पूरी होती है। संग्राली गांव के आचार्य दिवाकर नैथानी और ज्ञाणजा गांव के पंडित शिव प्रसाद भट्ट ने बताया कि यात्रा से मनोकामना की पूर्ति के साथ ही 33 कोटी देवी देवताओं की पूजा–अर्चना का पुण्य लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि प्राचीनकाल में वरुणा व भागीरथी के संगम पर स्नान के बाद खरवां, कवां, भराणगांव, ऊमरीकोट, मंदणभित्ती, गजोली, संगमचट्टी होते हुए गंगोरी में असी गंगा व भागीरथी के संगम पर स्नान के साथ वृहद पंचकोसी यात्रा संपन्न होती थी। तीन दिन की इस दुर्गम यात्रा में अधिकांशतः साधु संन्यासी ही जाते थे। अब एक दिन में यह यात्रा होती है जिसमें हर आयुवर्ग के लोग शामिल होते हैं।

25 टीबी रोगियों को पोषाहार वितरित किया

देहरादून। आस संस्था के तत्वाधान में उप जिलाचिकित्सालय लंढौर में आयोजित एक कार्यक्रम में 25 टीबी रोगियों को मासिक पोषाहार वितरित किया गया। इस मौके पर टीबी रोगियों की समस्याओं को भी सुनकर समाधान किया गया।पोषाहार वितरण के दौरान डा. अमृता पांडे ने टीबी रोगियों को बताया कि कभी भी आएं तो फिजिशियन से मिलें और अपनी समस्या बता सकते हैं। उन्होंने कहा कि रोगियों को दवा समय से लेनी चाहिए व अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए । अच्छा पोषहार लेना चाहिए। इस मौके पर आस संस्था की सचिव हेमलता ने रोगियों को दवाई आरंभ होने के उपरांत और दवाई समाप्त होने के बाद समय समय पर जांच कराने व प्रोटीन युक्त भोजन नियमित लेने की बात कही। कहा कि साफ सफाई का ध्यान रखें। ताकि रोगी शीघ्र स्वस्थ्य हो सके। कार्यक्रम में टीबी चैंपियन वॉलिंटियर ने रोगियों का वजन लिया व जरूरी परामर्श दिया। कार्यक्रम में 25 टीबी रोगियों को पोषाहार वितरित किया गया। कार्यक्रम में अस्पताल से डा. अमृता पांडे, देहरादून से एसटीएस बृहस्पति कोठियाल, एसटीएलएस परवीन सती, हेमलता बहन, हिमांशु, रेशमा सहित टीबी रोगी और उनके परिजन मौजूद रहे।

अतिक्रमण करने पर ठेकेदार पर 10 हजार का चालान

अल्मोड़ा। जनसुविधा, यातायात व्यवस्था और सड़क सुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा जिले में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में कोतवाली अल्मोड़ा पुलिस ने धारानौला क्षेत्र में सड़क घेरकर निर्माण सामग्री रखने वाले एक ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 10 हजार रुपये का चालान किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली प्रभारी निरीक्षक योगेश चंद्र उपाध्याय के नेतृत्व में धारानौला चौकी प्रभारी आनंद बल्लभ कश्मीर पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रहे थे। इस दौरान ठेकेदार नवीन सिंह मनराल द्वारा सड़क मार्ग पर रेत और ईंट रखकर अतिक्रमण किया गया था, जिससे आम लोगों की आवाजाही और यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही थी तथा दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी।

ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

अल्मोड़ा। जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने स्यालीधार स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण कर वहां की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस में स्थापित सुरक्षा मानकों, सीसीटीवी कैमरों, डबल लॉक सिस्टम और प्रवेश नियंत्रण व्यवस्था का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए ईवीएम की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए निर्धारित मानकों के अनुसार नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस परिसर में तैनात सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी व्यवस्था तथा रजिस्टरों की भी जांच की गई।

देवभूमि की धरोहर 'देवतत्व' को संवारने के लिए प्रयासरत सरकार

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देवभूमि उत्तराखंड के 'देवतत्व' को संवारने के लिए प्रयासरत हैं। इसी दिशा में वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में भी हरिद्वार कुंभ, हरिद्वार-ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर, नंदा देवी राजजात, सरयू रिवर फ्रंट सहित कई परियोजनाओं के लिए बजट आवंटन किया गया है।

गंगा, यमुना, चारधाम, आदि कैलाश और कई शक्ति पीठों की पुण्य भूमि होने के कारण, उत्तराखंड दुनिया भर के सनातन मतावलंबियों की आस्था का केंद्र रहा है। इसी क्रम में प्रदेश सरकार, उत्तराखंड को धार्मिक, आध्यात्मिक पर्यटन-तीर्थाटन के प्रमुख केंद्र के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास कर रही है। इससे प्रदेश की आर्थिक गतिविधियों में भी तेजी आने की उम्मीद है। बद्रीनाथ-केदारनाथ पुन निर्माण परियोजना के साथ ही सरकार पहले ही मानसखंड मंदिर माला के तहत 48 मंदिरों के आसपास अवस्थापना विकास के कार्य प्रारंभ कर चुकी है। अब इसी क्रम में प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में भी ऐसी कई योजनाओं के लिए धनावंटन किया है। प्रदेश सरकार ने बजट में हरिद्वार कुंभ मेला के लिए एक हजार करोड़ रुपए का प्राविधान किया है। इसके साथ ही हरिद्वार-ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर परियोजना के लिए पूंजीगत निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता योजना के तहत दो हजार करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इसी तरह आगामी नंदा देवी राजजात के लिए 25 करोड़ रुपए का प्राविधान किया गया है। सरकार तीर्थाटन को बढ़-ावा देने के लिए पहले ही शीतकालीन यात्रा प्रारंभ कर चुकी है।

रिवर फ्रंट परियोजनाएं

धामी सरकार ने सरयू और अन्य रिवर फ्रंट योजनाओं के साथ ही हरिपुर कालसी में यमुना घाट के लिए भी बजट का प्राविधान किया है। इसी तरह स्प्रिचुअल इकोनॉमी जोन के लिए 10 करोड़ का प्राविधान किया गया है। इसके साथ ही सरकार ने संस्कृत पाठशालाओं के अनुदान के लिए 28 करोड़ रुपए दिए हैं।

बेसिक्स ऑफ कैंडल मेकिंग में युवाओं को दिया जाएगा प्रशिक्षण

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा स्थानीय युवाओं को कैंडल मेकिंग में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग कर प्रशिक्षणार्थियों का मार्गदर्शन किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए निदेशक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ने बताया कि प्रोजेक्ट उन्नति के तहत पुराना विकास भवन में स्थानीय युवाओं के लिए 12 दिवसीय ''बेसिक्स ऑफ कैंडल मेकिंग प्रशिक्षण'' कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। बताया कि प्रशिक्षण 13 मार्च (शुक्रवार) से प्रारंभ किया जाएगा जो 24 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण में जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग कर युवाओं का मार्गदर्शन किया जाएगा। उन्होंने स्थानीय युवाओं से आयोजित होने वाले प्रशिक्षण से लाभान्वित होने के साथ ही संबंधित अधिकारियों से प्रशिक्षण में प्रतिभाग कर युवाओं का मार्गदर्शन करने की भी अपील की है।

प्रदेश के हर ब्लाक में बनेंगे मिनी स्टेडियम

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : 38वें राष्ट्रीय खेलों के भव्य आयोजन के बाद प्रदेश की धामी सरकार जमीनी स्तर पर खेल सुविधाओं के और विस्तार में जुट गई है। इस क्रम में प्रदेश के हर ब्लाक में अब मिनी स्टेडियमों का निर्माण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को बजट सत्र के तीसरे दिन सदन को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हर ब्लाक में मिनी स्टेडियम के निर्माण के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में प्रावधान किया गया है। वर्ष 2025 में उत्तराखंड ने न सिर्फ 38वें राष्ट्रीय खेलों की सफल मेजबानी की थी, बल्कि 103 पदक जीतकर इस स्तर के आयोजन में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी किया था। इस आयोजन ने उत्तराखंड को खेलभूमि के रूप में भी पहचान दी। इस आयोजन के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर का आधारभूत खेल ढांचा विकसित किया गया। लेगेसी पॉलिसी बनाकर सरकार ने इस खेल ढांचे का इस्तेमाल एकेडमी के तौर पर करने का निर्णय लिया है। ताकि खेल प्रतिभाओं को उचित प्रशिक्षण प्राप्त हो सके। इस संबंध में शासन स्तर पर कार्यवाही चल रही है। अब वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में हर ब्लाक में मिनी स्टेडियम के निर्माण के लिए प्रावधान कर दिए जाने को भी अहम माना जा रहा है।

बुधवार को प्रश्नकाल में जब खेल मंत्री रेखा आर्या पर्वतीय क्षेत्रों में खेल मैदान और मिनी स्टेडियम से संबंधित सवाल का जवाब दे रही थीं, तब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सदन को यह अहम जानकारी दी। खेल मंत्री रेखा आर्या के अनुसार पर्वतीय क्षेत्र में मिनी स्टेडियम के लिए 1.18 एकड़ भूमि की आवश्यकता होती है। इसके निर्माण के लिए एक करोड़ 70 लाख रूपये दिए जाने का प्रावधान है।

चारधाम यात्रा से पहले पार्किंग तैयार, जाम से मिलेगी मुक्ति

उत्तरकाशी। नगर पंचायत में शिव मंदिर के समीप पौने तीन करोड़ की लागत से बन रही सरफेस वाहन पार्किंग का इस वर्ष चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को लाभ मिलेगा। पार्किंग लगभग बनकर तैयार है और अब हैंडओवर होना बाकी है। इससे नौगांव में लंबे समय से बनी जाम की समस्या से भी यात्रियों को इस बार निजात मिलने की उम्मीद है। मुख्य बाजार से 50 मीटर की दूरी पर स्थित वाहन पार्किंग में 60 से 70 वाहनों के पार्क की व्यवस्था है। कार्यदायी संस्था लोनिवि बड़कोट चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले वाहन पार्किंग नगर पंचायत को हैंड ओवर कर देगी जिसका नगर पंचायत अपनी आय बढ़ाने के लिए निर्धारित शुल्क पर संचालन करेगी। नगर पंचायत में पार्किंग की सुविधा नहीं होने से चारधाम यात्रा के दौरान लोगों को जाम से जूझना पड़ता है जिसका व्यापारियों के व्यवसाय पर भी असर पड़ रहा है। पार्किंग की सुविधा न होने से यात्री भी रुकना पसंद नहीं करते। ऐसे में पार्किंग तैयार होने पर नौगांव में यात्रियों के ठहरने की उम्मीद की जा रही है जिससे यात्रा कारोबार में वृद्धि हो सकती है। अधिशासी अधिकारी शिवानी रावत का कहना है कि पार्किंग अभी नगर पंचायत को हैंड ओवर नहीं हुई है। हैंड ओवर होने पर नगर पंचायत द्वारा निविदा के माध्यम से शुल्क निर्धारित कर पार्किंग का संचालन करेगी जिससे नगर पंचायत की आय में बढ़ोत्तरी होगी।

उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स का धरना तीसरे दिन भी जारी

देहरादून। उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ की 27 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना बुधवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। लोक निर्माण विभाग विभागाध्यक्ष कार्यालय परिसर में आयोजित इस आंदोलन के तीसरे दिन टिहरी जनपद के समस्त डिप्लोमा इंजीनियरों ने शासन के खिलाफ गहरा रोष व्यक्त किया।धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र रावत और संचालन सचिव राजेंद्र सोढ़ी ने किया।

महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा और महासचिव वीरेंद्र सिंह गुसाईं ने बताया कि शासन के अधिकारी पूर्व में बनी सहमतियों पर भी वार्ता करने को तैयार नहीं हैं, जिससे सदस्यों की ज्वलंत समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। इस मौके पर प्रदर्शन में मुकेश बहुगुणा, अनिल पंवार, छबील दास सैनी और सतीश भट्ट मौजूद रहे।

सात दिनों तक मोबाइल से दूर रहेंगे एनएसएस के स्वयं सेवक

विकासनगर। सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय पीजी कॉलेज, साहिया की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ बुधवार को ग्राम ककाड़ी के बहुउद्देशीय भवन में हुआ।

शिविर के शुभारंभ के अवसर पर इस विशेष शिविर में भाग ले रहे स्वयंसेवियों ने मोबाइल के सीमित उपयोग का संकल्प लेते हुए मोबाइल उपवास का निर्णय लिया। संकल्प के तहत फील्ड सर्वे के निर्धारित समय को छोड़कर स्वयं सेवी प्रतिदिन सुबह छह बजे से रात्रि 10 बजे तक छात्र मोबाइल का उपयोग नहीं करेंगे, ताकि वे शिविर की गतिविधियों और सामूहिक जीवन में पूर्ण रूप से सहभागिता कर सकें। उद्घाटन सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी वरुण प्रसाद सेमवाल ने राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना, उद्देश्य और इसके मूल मंत्र ह्यमैं नहीं, अपितु आपह्ल के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने शिविर के दौरान आयोजित होने वाली गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि इसके माध्यम से विद्यार्थियों में सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी का विकास किया जाता है।

कुंभ मेला 2027 की तैयारियां तेज: गंगा की स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन पर विशेष फोकस

हरिद्वार। आगामी वर्ष हरिद्वार में आयोजित होने जा रहे कुंभ मेले में देश–विदेश से करोड़ों श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए मेला प्रशासन द्वारा गंगा की निर्मलता और मेला क्षेत्र की स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में मेलाधिकारी सोनिका की पहल पर राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) के विशेषज्ञों की टीम ने बुधवार को कुंभ क्षेत्र का भ्रमण किया। टीम ने ठोस एवं तरल अपशिष्ट के प्रभावी प्रबंधन तथा बेहतर सैनिटेशन व्यवस्था सुनिश्चित करने के उपायों पर मेला प्रशासन के साथ विस्तार से विचार–मंथन किया। विशेषज्ञों की टीम ने इस संबंध में नई तकनीकों, विभिन्न अध्ययनों तथा प्रयागराज कुंभ के अनुभवों को भी मेला प्रशासन के साथ साझा किया। एनएमसीजी की टीम ने मेला प्रशासन, नगर निगम एवं पेयजल निगम के अधिकारियों के साथ हरकी पैड़ी, बैरागी कैंप, दक्ष द्वीप, कनखल, नीलधारा, गौरीशंकर आदि क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान आगामी कुंभ मेले के दौरान इन क्षेत्रों में स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन के लिए उपलब्ध सुविधाओं तथा प्रस्तावित कार्यों की पड़ताल की गई। कुंभ क्षेत्र के भ्रमण के बाद एनएमसीजी की टीम ने मेलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में मेला प्रशासन तथा सैनिटेशन एवं सीवरेज प्रबंधन से जुड़े विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर मेलाधिकारी ने कहा कि गंगा को स्वच्छ और निर्मल बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कुंभ के दौरान कूड़ा एवं सीवरेज प्रबंधन की पर्याप्त और प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करना मेला प्रशासन के सामने एक प्रमुख चुनौती है।

उन्होंने यह भी कहा कि कुंभ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए पर्याप्त और साफ–सुथरे शौचालयों की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कुंभ मेले में स्वच्छता, सुगमता और सुरक्षा मेला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं, जिसके लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। मेलाधिकारी ने एनएमसीजी की टीम से कुंभ मेले के दौरान सैनिटेशन एवं सीवरेज प्रबंधन की चुनौतियों से निपटने की संख्या को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाओं का सटीक आकलन किया जाना आवश्यक है। इसके आधार पर सभी आवश्यक उपायों को लागू करने के लिए साझा रणनीति तैयार की जाएगी।

बैठक में कुंभ मेला क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने के लिए ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की समग्र कार्ययोजना पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान मेला प्रशासन द्वारा प्रस्तावित व्यवस्थाओं के अंतर्गत कचरा संग्रहण, पृथक्करण, निस्तारण, अस्थायी शौचालयों की स्थापना, सीवरेज प्रबंधन, सेप्टेज प्रबंधन तथा घाटों और मेला क्षेत्र की नियमित सफाई से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर प्रस्तुतीकरण दिया गया।

अधिकारियों ने इस दौरान इस बात पर विशेष बल दिया कि कुंभ मेले के दौरान गंगा की अविरलता और निर्मलता बनाए रखने के लिए वैज्ञानिक और टिकाऊ व्यवस्थाएं विकसित की जाएं। इसके लिए के प्रभावी उपाय सुझाने की अपेक्षा करते हुए कहा कि इसके लिए उपलब्ध आंकड़ों, वर्तमान सुविधाओं तथा मुख्य स्नान पर्वों के दौरान संभावित श्रद्धालुओं मेला क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में कूड़ेदान, कचरा संग्रहण केंद्र, अपशिष्ट परिवहन व्यवस्था तथा अस्थायी शिविर स्थलों में अपशिष्ट निस्तारण के लिए उपयुक्त व्यवस्थाएं की जाएंगी। इसी क्रम में 06 एफएसटीपी (फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट) की स्थापना भी प्रस्तावित की गई है।

इस दौरान एनएमसीजी के विशेषज्ञों की टीम में टेरी के स्कूल ऑफ एडवांस्ड स्टडीज के प्रो. शलीन सिंघल, होकाईडो यूनिवर्सिटी (जापान) के प्रो. राम अवतार, आईआईटी बीएचयू के रिसर्च एसोसिएट डॉ. तरुण यादव, स्टेट मिशन फॉर क्लीन गंगा उत्तराखंड के आरबीएम डॉ. सिद्धार्थ श्रीवास्तव, नगर निगम हरिद्वार के आयुक्त नंदन सिंह, अपर मेलाधिकारी दयानंद सरस्वती, उप मेलाधिकारी मनजीत सिंह गिल तथा पेयजल निगम की परियोजना प्रबंधक (गंगा) मीनाक्षी मित्तल वशिष्ठ सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

व्यापारी नेता पर हमले से व्यापारियों में रोष, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

अल्मोड़ा। नगर में देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजय साह पर कथित हमले के बाद व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है। मामले में व्यापारियों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई है। बताया गया कि मंगलवार शाम करीब 7:40 बजे कुछ नशे में धुत युवकों ने संजय साह ह्यरिक्खूह्ल पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना के बाद उसी रात करीब आठ बजे नगर अध्यक्ष व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और स्थानीय व्यापारियों के साथ कोतवाली पहुंचे और पुलिस को तहरीर सौंपते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। इसी मामले को लेकर बुधवार को देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और व्यापारियों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। साथ ही नगर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती और शाम के समय पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग भी की गई। देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष मनोज सिंह पवार ने कहा कि मंदिरों, पार्कों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर गहन चेकिंग अभियान चलाया जाना चाहिए, क्योंकि इन स्थानों का इस्तेमाल नशा करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नियमित चेकिंग अभियान से लोगों में पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास भी बढ़ेगा। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष मनोज सिंह पवार, नगर अध्यक्ष संजय साह 'रिक्खू', महिला जिला उपाध्यक्ष एवं पार्षद वंदना वर्मा, महिला नगर उपाध्यक्ष मनु गुप्ता, कार्यकारी जिला अध्यक्ष प्रमोद पवार, नगर महामंत्री दीप चंद्र जोशी, जिला संगठन मंत्री नीरज थापा, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु बिष्ट, जिला महामंत्री हिमांशु काण्डपाल, जिला संयुक्त महामंत्री कमल बिष्ट सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

आने वाले दिनों में लोगों को सताएगी गर्मी

रूद्रपुर। बुधवार को तापमान में बढ़ोतरी के साथ गर्मी का असर और तेज हो गया। आने वाले दिनों में तापमान में और वृद्धि होने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के आंकड़ों के अनुसार ऊधमसिंह नगर में अगले पांच दिनों के दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान में धीरे–धीरे वृद्धि दर्ज की जा सकती है। मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि बुधवार को अधिकतम तापमान में लगभग 1.4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक अगले पांच दिनों में जिले का अधिकतम तापमान 30 से 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। मौसम शुष्क बना रहेगा। जीबी पंत विवि के निदेशक शोध के अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

अर्बन बैंक घोटाला : दूसरे दिन भी जारी रहा जमाकर्ताओं का धरना

देहरादून। अर्बन को–ऑपरेटिव बैंक घोटाले के खिलाफ जमाकर्ताओं का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। अपनी जीवन भर की जमा पूंजी डूबने की आशंका से नाराज ग्राहकों ने मंगलवार को दूसरे दिन भी आईटी पार्क स्थित भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के क्षेत्रीय कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया।

आंदोलनकारियों ने साफ कर दिया है कि जब तक उनकी गाढ़ी कमाई वापस नहीं मिलती, वे पीछे नहीं हटेंगे। धरने पर बैठे अचिन गुप्ता ने बताया कि बैंक में कई जमाकर्ताओं की एक से तीन करोड़ रुपये तक की मोटी रकम फंसी हुई है, जिससे लोग भारी मानसिक तनाव में हैं। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि बैंक प्रबंधन की लापरवाही और वित्तीय अनियमितताओं के चलते हजारों परिवारों का भविष्य दांव पर लग गया है। उन्होंने मांग की कि आरबीआई जल्द से जल्द जांच पूरी कर भुगतान की प्रक्रिया शुरू करे। प्रदर्शन करने वालों में निष्ठा ठाकुर, हिमांशु नेगी, नरेंद्र बत्रा, मुकेश कुमार, रजत अग्रवाल, संजीव गुप्ता और भानू प्रताप सहित बड़ी संख्या में प्रभावित लोग मौजूद रहे।

नहीं रहे कुमाऊनी लोकगायक 'दीवान दा', सांस्कृतिक जगत में शोक की लहर

अल्मोड़ा। कुमाऊनी लोकगीतों के सुप्रसिद्ध गायक और संस्कृति प्रेमी दीवान कनवाल 'दीवान दा' का बुधवार सुबह निधन हो गया। वह करीब 67 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर से अल्मोड़ा सहित पूरे प्रदेश के सांस्कृतिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई। मुख्यालय के खत्याड़ी गांव निवासी दीवान कनवाल पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका उपचार हल्द्वानी के एक निजी अस्पताल में चल रहा था और हाल ही में उनका ऑपरेशन भी हुआ था। उपचार के बाद वह कुछ दिन पहले ही अपने घर लौटे थे, लेकिन बुधवार सुबह अपने आवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। दीवान कनवाल

अपने पीछे वृद्ध माता, दो विवाहित पुत्रों और दो पुत्रियों को छोड़ गए हैं। उनकी पत्नी का पहले ही निधन हो चुका है। स्थानीय लोगों के अनुसार उनका अंतिम संस्कार बुधवार दोपहर बाद बेतालेश्वर घाट में किया गया, जहां उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी गई। दीवान कनवाल कुमाऊनी लोकसंगीत की दुनिया का जाना–पहचाना नाम थे। उनकी मधुर और कर्णप्रिय आवाज ने लंबे समय तक श्रोताओं के दिलों पर राज किया। उनके लोकप्रिय गीतों में 'दाज्यु हमार जवाई रिषे ग्ये', 'आज कुछे मैत जा', 'कस भिड़े कुनई पंडित ज्यू कस करछा ब्या' और 'ह्यू भरी डाना' जैसे कई गीत शामिल हैं, जिन्हें लोगों ने खूब सराहा और आज भी गुनगुनाया जाता है। करीब 35 वर्षों से अधिक समय तक उन्होंने कुमाऊनी लोकसंस्कृति की सेवा की और अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाई। उनके निधन से कुमाऊनी लोकसंगीत को अपूरणीय क्षति पहुंची है। उनके निधन पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, लोक कलाकारों और संस्कृति प्रेमियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

लूट के आरोपियों को पकड़ने गई पुलिस टीम पर फायरिंग

रुद्रपुर। ग्राम भरौनी मार्ग पर बाइक लूटने के आरोपियों को पकड़ने पहुंची पुलिस टीम पर आरोपियों ने तमंचे से फायरिंग कर दी और तलवारों से हमला कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी दो राउंड फायर किए। इसके बाद चारों आरोपी खेतों की ओर भाग निकले। पुलिस ने मुख्य आरोपी के पिता को मौके से गिरफ्तार कर लिया, जबकि तीन आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने लूटी गई बाइक बरामद कर ली है और फरार आरोपियों की तलाश में कॉम्बिंग अभियान चलाया जा रहा है। लामाखेड़ा निवासी अरुण सिंह राणा पुत्र रमेश सिंह राणा के अनुसार, मंगलवार शाम करीब पांच बजे वह बाइक से पेट्रोल पंप की ओर जा रहे थे। भरौनी के पास रास्ते में गुरमीत सिंह पुत्र मोहन सिंह और उसके एक साथी ने उनकी गर्दन पर तलवार रखकर गाली–गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए बाइक लूट ली। घटना की सूचना मिलने पर एसआई ललित चौधरी, एएसआई राकेश रौंकली, किरण कुमार और अशोक बोरा मौके पर पहुंचे। अरुण सिंह ने पुलिस को बताया कि दोनों आरोपी भरौनी गांव की ओर भागे हैं। इसके बाद पुलिस टीम गुरमीत सिंह के घर पहुंची। पुलिस के अनुसार, घर के आंगन में दो बाइक खड़ी थीं और वहां गुरमीत सिंह, उसका भाई मक्खन सिंह, पिता मोहन सिंह और एक अन्य व्यक्ति मौजूद था। पुलिस टीम को देखते ही आरोपियों ने गाली–गलौज शुरू कर दी।

जयन्त

संस्थापक

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

नागेन्द्र उनियाल

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com